रोहतक

मंगलवार, 23 सितंबर 2025

अशिवन मास शुक्ल पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 29, अंक : 234
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 37.0
न्यून. 22.1

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 82,159.97 | 466.26 ▼ |
| निफ्टी | 25,202.35 | 124.70 ▼ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 1,16,200/- | 2200/- ▲ |
| चांदी | 1,36,380/- | 4380/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 88.31 | 15 पैसे ▼ |

क्रूड ऑयल 66.54 बैरल 0.21% ▼

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## खबर संक्षेप

### अगस्त में कोर सेक्टर का उत्पादन 6.3% बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश के बुनियादी क्षेत्र का उत्पादन अगस्त में 6.3 प्रतिशत बढ़ा है। पिछले साल इस महीने में उत्पादन में 1.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, कोयला, इस्पात और सीमेंट उत्पादन में विस्तार के कारण भारत के आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों की वृद्धि दर अगस्त में 13 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई। जुलाई में कोर सेक्टर की उत्पादन वृद्धि दर 3.7 प्रतिशत थी। *एजेंसी*



### जिला स्तर पर मनेगी महर्षि वाल्मीकि जयंती

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने महर्षि वाल्मीकि जयंती जिला स्तर पर मनाने का निर्णय लिया है। इसलिए सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने जिले के जिला कल्याण अधिकारी से परामर्श करके 5 से 7 अक्तूबर तक महर्षि वाल्मीकि जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम करवाना सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस संबंध में सभी मंडलायुक्तों और उपायुक्तों को पत्र लिखा गया है। *ब्यूरो*

### परमाणु हथियार सीमा का और एक साल पालन करेगा रूस : पुतिन

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को कहा कि अमेरिका के साथ अंतिम बचे परमाणु समझौते की फरवरी में समाप्ति के बाद, मास्को और एक वर्ष तक परमाणु हथियार सीमा का पालन करेगा। पुतिन ने कहा कि 2010 की 'न्यू स्टार्ट' संधि के समाप्त होने के वैश्विक स्थिरता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेंगे और परमाणु शस्त्रों के प्रसार को हवा मिल सकती है। *एजेंसी*



'जीएसटी बचत उत्सव' के बाद एक और मास्टर स्ट्रोक

# मुफ्त में मिलेगा एलपीजी कनेक्शन और गैस चूल्हा उज्ज्वला लाभार्थियों की संख्या हुई 10.6 करोड़

*नवरात्रि पर सरकार का 25 लाख महिलाओं को तोहफा*

*प्रत्येक कनेक्शन पर 2050 रुपये होंगे खर्च*

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मोदी सरकार नवरात्रि में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत और 25 लाख मुफ्त एलपीजी कनेक्शन वितरित करेगी जिससे लाभार्थियों की संख्या 10.6 करोड़ हो जाएगी। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि प्रत्येक कनेक्शन पर 2050 रुपये खर्च होंगे जिसमें सिलेंडर चूल्हा और रेगुलेटर शामिल हैं। उन्होंने इसे नारी शक्ति का सम्मान बताया। इसे महिलाओं के लिए नवरात्र का उपहार बताते हुए पुरी ने कहा कि उज्ज्वला का विस्तार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नारी शक्ति के सम्मान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी देवी दुर्गा की तरह महिलाओं का सम्मान करते हैं। यह निर्णय माताओं और बहनों के सम्मान और सशक्तिकरण के हमारे संकल्प को और मजबूत करता है।

**माताओं और बहनों के सम्मान को बढ़ाने के लिए उठाया कदम**

पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देवी दुर्गा की तरह महिलाओं का सम्मान करते हैं। यह निर्णय माताओं और बहनों के सशक्तिकरण को मजबूत करता है।

## सरकार ने बताया इसे नारी शक्ति का सम्मान



*पुरी ने कहा कि जीएसटी सुधारों से लोगों और व्यापारियों में खुशी की लहर*

*जीएसटी सुधारों से 0.8 प्रतिशत बढ़ सकती है देश की जीडीपी*

### दुकानदार 'मेड इन इंडिया' उत्पाद बेचें

प्रधानमंत्री मोदी ने जीएसटी बचत उत्सव पर देशवासियों को खुला पत्र लिखा है। मोदी ने लोगों को लिखे पत्र में कहा कि इस वर्ष त्योहारों में हमें एक और उपहार मिल रहा है। 22 सितंबर से अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू होने के साथ ही पूरे देश में जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हो गई है। इन रिफॉर्म्स से किसान, महिला, युवा, गरीब, मध्यम वर्ग, व्यापारी, लघु उद्योग, कुटीर उद्योग, सभी को फायदा होगा।

**सुप्रीम कोर्ट ने डीजीसीए से मांगा जवाब**

## शुरुआती 'जांच रिपोर्ट' के कुछ पहलू गैरजिम्मेदाराना



*12 जून को हुआ एयर इंडिया विमान हादसा केस*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

12 जून को हुए एयर इंडिया विमान हादसे पर एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट के कुछ पहलू, जिनमें पायलटों की ओर से चूक का संकेत मिलता है गैरजिम्मेदाराना थे। एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट ने की है। अदालत ने इस मामले में स्वतंत्र, निष्पक्ष और त्वरित जांच की मांग वाली याचिका पर केंद्र और नागरिक उड्डयन महानिदेशक को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने 12 जुलाई को जारी विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की प्रारंभिक रिपोर्ट के कुछ पहलुओं पर ध्यान दिया। एनजीओ सेफ्टी मैटर्स फाउंडेशन की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने आरोप लगाया कि दुर्घटना के बाद गठित जांच पैनल में तीन सदस्य विमानन नियामक से थे और इसमें हितों के टकराव का मुद्दा शामिल हो सकता है। उन्होंने विमान के उड़ान डेटा रिकॉर्डर से जानकारी जारी करने की मांग की, जिससे दुर्घटना के कारण का पता चल सके। पीठ ने कहा कि इस मामले में गोपनीयता और निजता पर ध्यान देने की जरूरत है।

**जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने की टिप्पणी**

### अंतिम रिपोर्ट जल्द होगी जारी

पीठ ने कहा कि वह केवल दुर्घटना की स्वतंत्र, निष्पक्ष, और शीघ्र जांच के सीमित पहलू पर ही नोटिस जारी कर रही है। अदालत ने इस दौरान अंतिम रिपोर्ट जल्द से जल्द जारी करने की भी बात कही। इस हादसे में विमान में सवार 241 यात्रियों और चालक दल सहित 265 लोगों की मौत हो गई।

**सीएम सैनी बोले**

## स्टार्टअप के लिए जीएसटी सेल गठित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार महाराजा अग्रसेन के दिखाए मार्ग पर चलकर सबका साथ, सबका विकास की नीति पर चल रही है। मुख्यमंत्री पंचकूला में हरियाणा सरकार की संत महापुरुष सम्मान एवं विचार -प्रसार योजना के अंतर्गत आयोजित महाराजा अग्रसेन जयंती में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कहा उद्योगपतियों की सुविधा के लिए लागू की जा रही योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि लघु व मध्यम व्यापारियों के कल्याण के लिए अलग से एमएसएमई विभाग का गठन किया गया है। गुरुग्राम में स्टार्टअप की मदद के लिए जीएसटी सुविधा सेल स्थापित किया है। इसमें स्टार्ट-अप को पंजीकरण से लेकर रिटर्न दाखिल करने तक एंड-टू-एंड मदद मिल रही है। इसी प्रकार, पंचकूला में एमएसएमई जीएसटी सुविधा सेल की स्थापना की गई है। *(पेज 2 भी देखें)*

**पंचकूला में महाराजा अग्रसेन जयंती में पहुंचे सीएम**

**अग्रवाल समाज से विकास में योगदान का किया आह्वान**

# छोटे उद्यमियों पर सरकार मेहरबान, बनाया विभाग

*मुख्यमंत्री सैनी ने पंचकूला में महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह में कहा कि केंद्र ने 'प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मान धन योजना' के तहत खुदरा विक्रेताओं और दुकानदारों के लिए 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर 3000 न्यूनतम मासिक पेंशन सुनिश्चित की है।*



### धान खरीद कार्य का किया शुभारंभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने किसानों के हित को देखते हुए फसल खरीद कार्य को एक अक्टूबर की बजाए 22 सितंबर से शुरू करने का काम किया है। इस धान के सीजन में किसानों की धान की फसल के खरीद का कार्य का शुभारंभ लाडवा अनाज मंडी से किया गया है। सरकार की तरफ से किसानों की धान की फसल का एक-एक दाना खरीदा जाएगा। इससे पहले मुख्यमंत्री ने लाडवा अनाजमंडी में धान की खरीद कार्य को शुरू करवाया।

**उद्योगपतियों की सुविधा के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही**

**देश-विदेश के निवेशकों की पहली पसंद बन रहा है हरियाणा**

**जीएसटी सुधार से देश और प्रदेश के विकास में बड़ा योगदान मिलेगा**

### व्यापार के अनुकूल कदम उठाए

सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में उद्योग और व्यापार के अनुकूल माहौल बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। केंद्र सरकार 'प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मान धन योजना' के तहत खुदरा विक्रेताओं और दुकानदारों के लिए 60 वर्ष की आयु होने पर 3 हजार रुपये की न्यूनतम मासिक पेंशन सुनिश्चित की है।

### 'ई-वे बिल योजना' शुरू की

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 'मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना' के तहत 20 साल से अधिक समय से किराये या लीज अथवा लाइसेंस फीस पर चल रही पालिकाओं की दुकानों व मकानों की मलकीयत उन पर काबिज व्यक्तियों को दी हैं। व्यापारियों की सुविधा हेतु माल के अंतर्राज्यीय आवागमन के लिए 'ई-वे बिल योजना' शुरू की है।

### जीएसटी सुधार से होगा 4 हजार करोड़ रुपये का फायदा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाल ही में लागू किए गए जीएसटी सुधार से प्रदेश में आम नागरिकों का साल भर में 4 हजार करोड़ रुपये का फायदा होगा और यह प्रदेश व देश के आर्थिक विकास में सबसे बड़ा परिवर्तन लाएंगे। यह जीएसटी सुधार न केवल व्यापारियों को राहत देंगे बल्कि आम उपभोक्ताओं के जीवन को भी सरल बनाएंगे। अहम पहलू यह है कि नागरिक अब कम जीएसटी का लाभ उठाकर स्वदेशी उत्पाद अपने घर लेकर आए। इन सुधारों से ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा और व्यापारिक गतिविधियों में पारदर्शिता आएगी। सीएम ने मार्केट और मेन बाजार में दुकानदारों और व्यापारियों को जीएसटी दरों के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी।

**9 आरोपी हिरासत में लिए सभी टैक्सी ड्राइवर**

## एअर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट में कॉकपिट डोर खोलने की कोशिश

**मुंबई/वाराणसी (एजेंसी)।** बेंगलुरु से वाराणसी आ रही एअर इंडिया एक्सप्रेस के विमान में एक यात्री ने कॉकपिट का दरवाजा खोलने की कोशिश की। उसने दरवाजे में पासकोड डालने की कोशिश भी की, लेकिन कैप्टन ने हाईजैक के डर से दरवाजा नहीं खोला। केबिन क्रू ने उसे रोकने की कोशिश की, तो उसके साथ के लोग भी उठकर आ गए। एयरलाइंस कर्मियों ने उन्हें फटकार लगाते हुए सीट पर बैठाया। विमान के कैप्टन ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को इसकी जानकारी दी। एटीसी ने एयरपोर्ट अथॉरिटी को बताया। विमान के वाराणसी में लैंड होते ही सीआईएसएफ ने आरोपी और उसके 8 साथियों को हिरासत में ले लिया। वाराणसी पुलिस ने बताया कि सभी बेंगलुरु के निवासी हैं। बाबतपुर चौकी में उनसे पूछताछ की जा रही है।



बेंगलुरु से वाराणसी जा रहा था विमान

**जॉब ऑफर के बिना भी आवेदन कर सकेंगे**

## अमेरिका ने एच-1बी वीजा फीस बढ़ाई तो चीन लाया के-वीजा

**बीजिंग (एजेंसी)।** अमेरिका ने प्रोफेशनल्स के लिए एच-1बी वीजा की फीस करीब 6 लाख रुपय से बढ़ाकर 88 लाख रुपये कर दी है। इस बीच चीन ने नया 'के-वीजा' शुरू करने का ऐलान किया है। के-वीजा साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथ से जुड़े युवाओं और स्किल्ड प्रोफेशनल्स के लिए है। यह 1 अक्टूबर, 2025 से जारी होगा। इन सब्जेक्ट्स में रिसर्च कर रहे कैंडिडेट भी के-वीजा के लिए आवेदन कर सकेंगे। खास बात यह है कि चीनी कंपनी से नौकरी का ऑफर न होने पर भी इस वीजा के लिए आवेदन कर सकेंगे। अमेरिका ने 21 सितंबर से एच-1बी वीजा फीस बढ़ा दी है। इससे प्रोफेशनल्स को अमेरिका जाने में मुश्किलें होंगी। ऐसे में चीन के के-वीजा को एच-1बी का विकल्प माना जा रहा है।



दिया विकल्प, यह एक अक्टूबर से होगा जारी


**फरवरी 2020 दंगे: आरोपी 5 साल से हैं जेल में बंद**

## उमर, शरजील की जमानत पर दिल्ली पुलिस से जवाब तलब

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने फरवरी 2020 में दिल्ली में हुए दंगों की कथित साजिश से जुड़े एक मामले में आरोपी- उमर खालिद, शरजील इमाम, गुलफिशा फातिमा और मीरान हैदर की जमानत याचिकाओं पर दिल्ली पुलिस से सोमवार को जवाब तलब किया। पीठ ने यूएपीए से जुड़े मामले में दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया और सुनवाई सात अक्टूबर के लिए स्थगित कर दी। याचिकाकर्ताओं ने दो सितंबर के दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें खालिद और इमाम सहित नौ लोगों को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा गया था कि आंदोलन या विरोध प्रदर्शनों की आड़ में नागरिकों द्वारा ''षड्यंत्रकारी'' हिंसा की अनुमति नहीं दी जा सकती।



हाईकोर्ट ने 9 लोगों को बेल देने से किया था इनकार







**अंतरिक्ष में संदिग्ध गतिविधियों का पता चलेगा**

## अपने सैटेलाइट्स की सुरक्षा के लिए बॉडीगार्ड सैटेलाइट बनाएगा भारत

*एक देश का उपग्रह एक किमी पास से गुजरा*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंतरिक्ष में बढ़ते खतरे और दुश्मन देशों की सैटेलाइट गतिविधियों को देखते हुए भारत सरकार अपने उपग्रहों की सुरक्षा मजबूत करने की योजना बना रही है। मोदी सरकार अब ऐसे खास "बॉडीगार्ड सैटेलाइट" बनाने की तैयारी कर रही है, जो अंतरिक्ष में भारतीय सैटेलाइट की सुरक्षा करेंगे और किसी भी संदिग्ध गतिविधि का तुरंत जवाब देंगे। सूत्रों के अनुसार, इस तैयारी को तेजी तब मिली जब 2024 के बीच एक पड़ोसी देश का सैटेलाइट इसरो के सैटेलाइट के सिर्फ एक किलोमीटर पास से गुजरा था।

**उपग्रहों की सुरक्षा मजबूत करने की योजना**

### ग्राउंड-बेस्ड रडार पर काम जारी

सरकार अब स्टार्टअप्स के साथ मिलकर सैटेलाइट और ग्राउंड-बेस्ड रडार जैसे सिस्टम पर काम कर रही है, जिससे खतरों को समय रहते पहचान कर सैटेलाइट को सुरक्षित जगह पर भेजा जा सके।

### एयर मार्शल ने दी थी चेतावनी

एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने जून में सर्विलांस एंड इलेक्ट्रो ऑप्टिक्स इंडिया सेमिनार चेतावनी दी थी कि चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी तेजी से अंतरिक्ष क्षमता बढ़ा रही है और यह भारत की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकता है।



### 4 साल में 52 स्पेशल डिफेंस सैटेलाइट लॉन्च किए जाएंगे

सरकार ने तय किया है कि 2029 तक 52 स्पेशल डिफेंस सैटेलाइट अंतरिक्ष में भेजे जाएंगे, ये सभी सैटेलाइट अंतरिक्ष में भारत की आंख बनेंगे और पाकिस्तान-चीन बॉर्डर पर लगातार नजर रखेंगे। सैटेलाइट्स आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बेस्ड होंगे। 36 हजार किमी. ऊंचाई पर ये आपस में कम्युनिकेट कर सकेंगे। इससे पृथ्वी तक सिग्नल भेजने, मैसेज-तस्वीरें भेजने में आसानी होगी। यह पूरा अभियान रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी के तहत चलाया जा रहा है और इसके लिए सरकार ने स्पेस-बेस्ड सर्विलांस फेज-3' योजना बनाई है। इसके लिए 26,968 करोड़ रुपये का बजट है। इसे अक्टूबर 2024 में कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी ने मंजूरी दी थी।

## अब गांव-गांव और शहर-शहर में फैल रहा विकास का प्रकाश : मुख्यमंत्री

# 72 महिला सांस्कृतिक केंद्र, 90 इनडोर जिम, 69 योग व व्यायामशालाएं बनेंगी

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने 117 करोड़ रुपये की 557 परियोजनाओं का उद्घाटन किया



**सोनीपत।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र सरकार का जीएसटी में सुधार आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। प्रदेश सरकार का लक्ष्य राज्य को विकास और समृद्धि के नए शिखर पर पहुंचाना है। विकास का प्रकाश अब गांव-गांव और शहर-शहर समान रूप से फैल रहा है। वह सोमवार को मुरथल विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित सेवा पखवाड़ा अभियान कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

### 110 सड़कें शामिल

मुख्यमंत्री ने इस दौरान उन्होंने 117 करोड़ रुपये की 557 परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इनमें 72 महिला सांस्कृतिक केंद्र, 90 इनडोर जिम, 69 योग एवं व्यायामशालाएं, मुख्यमंत्री किसान खेत सडक योजना के तहत 101 सड़कें और 225 गांवों में फिरनी पर स्ट्रीट लाइट्स शामिल हैं।

## 8वें पोषण माह में महिला स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया

महिलाओं के सशक्त होने पर ही परिवार, समाज और राष्ट्र मजबूत होगा : सीएम



### मुख्यमंत्री ने महिलाओं के योगदान को सराहा

मुख्यमंत्री स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान और 8वें पोषण माह के तहत महिला स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन और निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीएसटी सुधार आमजन को सीधे लाभ पहुंचाते हैं और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मील का पत्थर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के सशक्त होने पर ही परिवार, समाज और राष्ट्र मजबूत होगा।



## मुख्यमंत्री ने पत्नी सहित माता मनसा देवी के दर्शन किए

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपनी पत्नी सुमन सैनी सहित अश्विन नवरात्र के प्रथम दिन आज पंचकूला स्थित माता मनसा देवी मंदिर में माथा टेक पूजा अर्चना कर महामायी का आशीर्वाद लिया और प्रदेशवासियों की सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने इसके उपरांत मंदिर परिसर में स्थित यज्ञशाला पहुंचकर हवन यज्ञ में भाग लिया और आहुति डाली। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त एवं माता मनसा देवी श्राईन बोर्ड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी निशा यादव ने मुख्यमंत्री को माता मनसा देवी का चित्र सम्मान स्वरूप भेंट किया।

## पोक्सो कानून के तहत आरोपियों को किसी भी प्रकार की सुरक्षा या राहत देना समाज के लिए खतरनाक

■ हाईकोर्ट ने जमानत याचिका खारिज की

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि पोक्सो (प्रोटेक्शन आफ चिल्ड्रेन फ्राम सेक्सुअल आफेंसेज़) कानून के तहत आरोपितों को किसी भी प्रकार की सुरक्षा या राहत देना समाज के लिए बेहद खतरनाक संदेश होगा, खासकर स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए। कोर्ट ने कहा कि नाबालिग की सहमति का कोई कानूनी महत्व नहीं है और उसे अपराध से बरी होने का आधार नहीं बनाया जा सकता। यह टिप्पणी जस्टिस नमित कुमार ने उस समय दी, जब उन्होंने एक आरोपित की जमानत याचिका खारिज की।

### ये है मामला

आरोपित पर अपनी 15 वर्षीय चचेरी बहन के साथ दुष्कर्म करने, उसका अश्लील वीडियो बनाने और उसे ब्लैकमेल कर अन्य आरोपितों से भी शोषण करवाने का आरोप है। मामला मई 2023 में दर्ज हुआ था, जब पंचकूला जिले के रामगढ़ स्थित एक सरकारी स्कूल के शौचालय में नवजात शिशु का शव डस्टबिन से बरामद हुआ था। कोर्ट ने मामले को बेहद विचलित करने वाला बताते हुए कहा कि यह नाबालिग लड़की पर बार-बार किए गए यौन शोषण का ज्वलंत उदाहरण है। पहले पीड़िता ने पुलिस को रिश्ते को सहमति-आधारित बताया था।

## सिर्फ बातचीत शुरू करने की कोशिश से धारा 354 लज्जा भंग करने का मामला नहीं बनता : हाईकोर्ट



**चंडीगढ़** । पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एक अहम फैसले में स्पष्ट किया है कि किसी महिला से बिना उसकी इच्छा के बातचीत शुरू करने का प्रयास, भले ही उसे अप्रिय या परेशान करने वाला लगे, भारतीय दंड संहिता की धारा 354 के तहत उसकी मर्यादा भंग का अपराध नहीं माना जा सकता। जस्टिस कीर्ति सिंह एकल पीठ ने कहा कि अभिलेख के अनुसार शिकायतकर्ता (महिला डाक्टर) ने स्वयं स्वीकार किया है कि आरोपित ने केवल बातचीत की कोशिश की और उसके इंकार करने पर तुरंत स्थान छोड़ दिया।इस पर कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि यह कृत्य परेशान या अप्रिय लग सकता है, लेकिन इसे ऐसा नहीं कहा जा सकता कि इससे किसी महिला की शालीनता या मर्यादा पर गंभीर आघात हुआ हो। जब अभियोजन के रिकार्ड में किसी प्रकार के आपराधिक बल के प्रयोग का उल्लेख तक नहीं है, तब धारा 354 आईपीसी के आवश्यक तत्व इस मामले में प्रारंभिक स्तर पर भी सिद्ध नहीं होते।

## हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस आज मनाया जाएगा

**चंडीगढ़।** सरकार ने 23 सितम्बर को प्रदेश में 'हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर सभी जिलों में जनसभाएं, समारोह, गोष्ठियां आदि आयोजित करके देश के लिए अपना जीवन कुर्बान कर देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सभी मंडलायुक्तों और उपयुक्तों लिखे एक पत्र में निर्देश दिए हैं कि कार्यक्रम में शहीदों के परिवारों तथा युद्ध में वीरता पुरस्कार प्राप्त करने वालों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाए। समारोह में स्वतंत्रता सेनानियों और कारगिल युद्ध के योद्धाओं को भी आदरपूर्वक आमंत्रित किया जाए।

## मोठूका में वेस्ट टू चारकोल प्लांट लगेगा

**चंडीगढ़।** केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि गांव मोठूका में एनटीपीसी द्वारा वेस्ट टू चारकोल प्लांट लगाया जाएगा। वेस्ट टू चारकोल प्लांट में कूड़े से कोयला बनाया जाएगा जिससे फरीदाबाद शहर को कूड़े के पहाड़ से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह केंद्र सरकार का प्रोजेक्ट है,इस प्रोजेक्ट को लगने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने साफ किया कि वेस्ट टू चारकोल प्लांट से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को कोई परेशानी नहीं होगी। इसके लिए सरकार द्वारा पुख्ता इंतजाम किए जाएगें। कृष्णपाल गुर्जर गांव अटाली में जिला परिषद के वाइस चेयरमैन के घर भी पहुंचे।

## प्रदेश में किसानों को नहीं मिल रही एमएसपी 1500 रुपये प्रति क्विंटल बेच रहे धान : ढांडा

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने सोमवार को बयान जारी कर एमएसपी से कम खरीद को लेकर बीजेपी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में आज से धान खरीद की शुरुआत तो कर दी गई, लेकिन यह केवल दिखावे की कार्रवाई रही। किसानों को न तो न्यूनतम समर्थन मूल्य मिला और न ही मंडियों में कोई ठोस व्यवस्था दिखी। ढांडा ने कहा कि इस बार केंद्र ने धान का एमएसपी 2389 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है, लेकिन किसानों को मंडियों में 1500 रुपये प्रति क्विंटल पर फसल बेचनी पड़ी।

### बिचौलियों के हवाले छोड़ा



यह सरकार की खुली लूट है, जिसने किसानों को उनकी मेहनत का हक़ देने की बजाय बिचौलियों के हवाले छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि किसानों की हालत पहले ही खराब है। इस सीजन में जलभराव की वजह से हजारों एकड़ फसल का उत्पादन घट चुका है। किसानों ने लागत और मेहनत लगाकर जो थोड़ा बहुत उत्पादन निकाला, उसे भी मंडियों में मिट्टी के भाव बेचना पड़ रहा है। यह किसानों के साथ दोहरी मार है, पहले प्राकृतिक आपदा, अब सरकारी लापरवाही।

## जीएसटी रिफार्म्स से देश खुशहाल होगा : बिप्लब

**चंडीगढ़।** त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद बिप्लब देब ने कहा कि मोदी सरकार के नए जीएसटी रिफार्म्स आम आदमी की जिंदगी को खुशहाल कर देंगे। उन्होंने कहा कि 22 सितंबर से लागू हो रहे नए जीएसटी सुधार से देश का आर्थिक विकास होगा साथ ही गरीब, मध्यमवर्ग, किसान, छात्र, व्यापारी और कारोबारियों को लाभ पहुंचेगा और आम लोगों को बड़ी बचत होगी। बिप्लब कुमार देब ने नवरात्रि पर्व की देशवासियों को शुभकामनाएं भी दी। बिप्लब देब ने कहा कि दशकों से देश की जनता अलग-अलग टैक्स के जाल में उलझी हुई थी। अब इससे राहत मिलगी।

## देश में विकास की रफ्तार तेजी से बढ़ेगी : पूनिया

चंडीगढ़। भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कहा कि नए जीएसटी रिफार्म से देश के विकास की रफ्तार बढ़ेगी। यह जीएसटी रिफार्म विकसित भारत बनाने की दिशा में मोदी सरकार का ऐतिहासिक कदम है। डा. पूनिया ने कहा कि नए पीढ़ी के जीएसटी से नवरात्रि पर्व के पहले ही दिन से आम आदमी को राहत मिलनी शुरू हो जाएगी। हर प्रोडक्ट सस्ता होगा और लोगों की बचत बढ़ेगी। डा. सतीश पूनिया ने कहा कि जीएसटी में ऐतिहासिक सुधार कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल की प्राचीर से किया अपना वादा पूरा किया है। इससे तेजी से विकास होगा।

## जेजेपी ने एससी सेल का विस्तार किया

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी ने संगठन में विस्तार करते हुए कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां की है। जजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, जजपा प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा, एससी सेल के प्रदेश प्रभारी पूर्व विधायक रमेश खटक, एससी सेल प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट सुरेंद्र भागीराम व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने विचार-विमर्श के बाद एससी सेल में एक जिला प्रभारी और 22 जिला अध्यक्षों की नियुक्तियों की सूची जारी की।

### इन नेताओं को जिम्मेदारी

जेजेपी ने एससी सेल में हिसार जिले में रोहताश कंडुल को जिला प्रभारी नियुक्त किया हैं। जजपा एससी सेल में अंबाला जिले में चुहड़ सिंह बाजीगर, भिवानी में जरनैल सिंह, दादरी में प्यारे लाल, फरीदाबाद में दरयाव सिंह टोंक, फतेहाबाद में रमेश कुमार ओढ, गुरुग्राम में हंसराज टिकली और हिसार में विजेंद्र धानक को जिला अध्यक्ष बनाया हैं। इसी तरह जींद जिले में शमशेर बद्धोवाल, झज्जर में नसीब भारती, कैथल में कृष्ण कुमार बाजीगर, कुरुक्षेत्र में जगमाल सिंह, करनाल में बालकिशन धानक, महेंद्रगढ़ में महेंद्र खन्ना, नूंह में पूर्व सरपंच राहुल को एससी सेल जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनके अलावा पलवल जिले में सतबीर तंवर, पानीपत में संदीप इंदोरा, पंचकुला में गुरदेव चरणिया, रेवाड़ी में राम अवतार धानक, रोहतक में महेंद्र सुंडाना व अन्य को जिम्मेदारी सौंपी है।



## नवरात्र पर विशेष



## द्वितीय ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्र को ब्रह्मचारिणी माता की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यही आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रूप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पति के समय ब्रह्माजी ने मानसपुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है और गर्भ धारण कर शिशु को जन्म देने की नींव पड़ी है। शिशु में देवी के नौ गुण होते हैं। ब्रह्मचारिणी का स्वरूप पूर्ण ज्योतिर्मय है। अपने पूर्वजन्म में जब इन्होंने हिमायल के घर पुत्री रूप में जन्म लिया तब नारद के कहने से शिवजी को पति रूप में पाने के लिए इन्होंने एक हजार साल तक तपस्या की। जब तीनों लोक कांप उठे, तब ब्रह्माजी ने कहा-देवी, आज तक किसी ने ऐसी कठोर तपस्या नहीं की। जाओ, तुम्हारी मनोकामना पूर्ण होगी। इसके बाद शिवजी उन्हें पति रूप में मिले। मां ब्रह्मचारिणी की अनुकंपा से भक्तों को हमेशा सिद्धि और विजय मिलती है। इस दिन भक्त का मन स्वाधिष्ठान चक्र में स्थित होता है। ब्रह्मचारिणी का पूर्वजन्म का नाम 'उमा' भी है। शैलपुत्री के रूप में देवी प्रकृति स्वरूपा हैं तो ब्रह्मचारिणी रूप में सृष्टि निर्मात्री। मां के इस रूप की आराधना का मंत्र है-

**दधाना करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।**
**देवि प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा॥**

## मोबाइल स्नेचिंग का आरोपी पंजाब से दबोचा

**डबवाली।** सीआईए डबवाली पुलिस ने साइबर सेल की सहायता से खुईयां मलकाना में युवती से हुई मोबाइल स्नैचिंग की वारदात में वांछित करण निवासी बठिंडा पंजाब को काबू कर लिया है।

विरोध : पंचायत में लिया फैसला, ज्योति गिरी को गांव में घुसने नहीं दिया जाएगा

# अश्लील वीडियो वाले महामंडलेश्वर पर बवाल

### यौन शोषण केस के 6 साल बाद लौटने के कयास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम में यौन शोषण के आरोपों के बाद फरार हुआ महामंडलेश्वर ज्योति गिरी अचानक 6 साल बाद लौट आया। यहीं नहीं, उसने नवरात्र पर भंडारा आयोजित करने की घोषणा भी कर दी। इसका पता चलते ही ग्रामीण भड़क गए और गिरी का विरोध शुरू कर दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने बड़ी पंचायत कर सर्वसम्मति से फैसला लिया कि ज्योति गिरी को अब गांव में घुसने नहीं दिया जाएगा। यदि ज्योति गिरी ने ऐसा दुस्साहस किया तो परिणाम की जिम्मेदारी उसी की होगी। ग्रामीणों ने ज्योति गिरी के खिलाफ गांव में पर्चे भी बांटे। साथ ही पुलिस कमिश्नर से भी मांग है कि ज्योति गिरी के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाए अन्यथा गांव का माहौल खराब हो सकता है।




गुरुग्राम। बायकॉट के लिए रैली निकालते हुए लोग। फोटो : हरिभूमि

### एसडीएम ने नहीं दी आगमन की परमिशन, विवाद टला

यौन शोषण केस में आरोपित महामंडलेश्वर ज्योति गिरी के छह साल बाद अचानक बोहड़ाकला में वापस लौटने को लेकर चल रहे कयासों पर एसडीएम दर्शन यादव ने विराम लगा दिया है। इलाके में ज्योतिगिरी के प्रति बढ़ रहे लोगों को रोष को देखते हुए एसडीएम ने ज्योतिगिरी को भोंडाकलां के धार्मिक स्थान पर भंडारा किए जाने की परमिशन नहीं दी। जिसके चलते उनके गुरुग्राम आगमन को लेकर चल रहा विवाद टल गया। वहीं पुलिस द्वारा गांव में नजर रखी जा रही है।

### गांव में निकाली बायकॉट रैली

तीन महीने पहले ज्योति गिरी ने कुछ ग्रामीणों पर आश्रम के मंदिर में चोरी करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज करवाई थी। इसमें मंदिर से एसी, कुर्सी और अन्य सामान की चोरी का आरोप लगाया था। इसके बाद से उसका विरोध ज्यादा बढ़ गया था। ग्रामीणों ने उसे खिलाफ बायकॉट रैली भी निकाली थी। सरपंच मनबीर सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस से मिलकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग भी की थी। सरपंच ने बताया कि ग्रामवासियों ने पुलिस आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि ज्योति गिरी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### पुलिस की गश्त लगातार जारी

ज्योति गिरी ने एसडीएम से गांव भोड़ा कलां के धार्मिक स्थान पर भंडारा करने की परमिशन मांगी थी। वे गांव में आना चाहते थे, लेकिन लोगों द्वारा विरोध किया जा रहा है। एसडीएम की तरफ से ज्योति गिरी को किसी तरह की परमिशन नहीं दी गई है। पुलिस द्वारा गांव में नजर रखी जा रही है। फिलहाल स्थिति कंट्रोल में है और ग्रामीणों से अपील कि वे शांति बनाए रखे। पुलिस की गश्त लगातार जारी है।

-**सुखबीर सिंह**, एसीपी पटौदी

# तेल टैंकर को ट्रक ने मारी टक्कर, 4 हजार लीटर पेट्रोल सड़क पर बहा

***काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल , एक सप्ताह पहले हो चुका हादसा***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे व एनएच-71 के पास सोमवार को उस समय एक बड़ा हादसा टल गया, जब ट्रक की टक्कर से तेल टैंकर का चैंबर लीक होकर पेट्रोल सड़क पर बहने लगा। हाईवे पर काफी देर तक आगजनी की आशंका से अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। पुलिस व दमकल गाड़ियों भी मौके पर पहुंच गई। पेट्रोल पर मिट्टी डलवाकर आगजनी की आशंका को टाला गया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी। करनावास तेल डिपो से पेट्रोल लेकर एक टैंकर नेशनल हाइवे से अपने गंतव्य की ओर जा रहा था। एनएच-71 के पास पहुंचते ही पीछे चल रहे ट्रक ने टैंकर को टक्कर मार दी। इससे टैंकर का चैंबर लीक हो गया। पुलिस और दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने सड़क पर बिखरे लगभग 4 हजार लीटर पेट्रोल पर मिट्टी डलवाई, ताकि आगजनी को टाला जा सके। पुलिस ने मिट्टी डलवाने के लिए डंपर और जेसीबी बुला ली।



रेवाड़ी। ट्रक की टक्कर के बाद सड़क पर तिरछा खड़ा टैंकर।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में आवेदन की आज अंतिम तिथि

**महेंद्रगढ़।** जवाहर नवोदय विद्यालय करीरा में कक्षा नौवीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की आज अंतिम तिथि है। जिन अभ्यर्थियों ने अभी तक आवेदन नहीं किया है, वे शीघ्र ही आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें। प्राचार्य बृजमोहन रावत ने बताया कि आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। उन्होंने अभ्यर्थियों एवं अभिभावकों से कहा है कि अंतिम समय की तकनीकी समस्याओं और सर्वर पर भार से बचने के लिए समय रहते आवेदन जमा कर दें। नवोदय विद्यालय समिति के दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रवेश चयन परीक्षा एक स्वतंत्र एजेंसी द्वारा आयोजित की जाएगी।

## कैथल: निजी अस्पताल में दाखिल महिला से छेड़छाड़ के आरोप

***डीएसपी सहित जांच के लिए पहुंची तीन टीमें मामला हुआ दर्ज***

**कैथल।** कैथल के एक निजी अस्पताल में एक नर्सिंग स्टाफ कर्मचारी पर इलाज के लिए दाखिल महिला से छेड़खानी के आरोप लगे हैं। महिला डिलीवरी के लिए रविवार को अस्पताल में दाखिल हुई थी। डिलीवरी के बाद बच्चे की तो मौत हो गई, लेकिन महिला को स्थिति को देखते हुए उसे अस्पताल के आईसीयू में दाखिल कर इलाज किया जा रहा था। रात को आशीष नाम के स्टाफ कर्मी की वहां देखरेख में ड्यूटी थी। आरोप है कि रात को उक्त कर्मचारी ने महिला के साथ छेड़खानी की। उसके शरीर के अंगों को छुआ। सुबह के समय महिला ने यह बात अपने पति को बताई। इसे लेकर परिजनों द्वारा आशीष के साथ धक्का मुक्के भी की गई लेकिन वह मौके से फरार हो गया। जैसे ही महिला के परिजनों को इस बारे में पता लगा तो उन्होंने डायल 112 व पुलिस टीम को सूचना दी। डीएसपी गुरविंद्र सिंह, सीआईए व सिविल लाइन थाना टीमों के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

विधायक मामन खान को धमकी व रेकी का शक

## स्वेट कमांडो तैनात, एमएलए ने नकारा, बोले-राजनीति हो रही

**गुरुग्राम।** फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस विधायक मामन खान ने सोशल मीडिया पर चल रही धमकी मिलने व उनकी अचानक सुरक्षा बढ़ाते हुए गुरुग्राम शिफ्ट करने की बात को सिरे से नकार दिया। उन्होंने कहा कि उनके पास ऐसा किसी तरह का इनपुट नहीं है। उनके पास पहले जैसे ही सुरक्षा है। दरअसल, सोशल मीडिया पर विधायक मामन खान की अचानक सुरक्षा बढ़ाने की बात सामने आई थी। जिसमें कहा जा रहा था कि उन्हें नूंह के भादस ऑवास से गुरुग्राम के मालीबू टाउन स्थित ऑवास पर शिफ्ट कर दिया गया है। वहीं उनके साथ 16 स्वैट कमांडो तैनात किए गए हैं।



## जींद में संदिग्ध परिस्थितियों में दो वर्षीय बच्ची की मौत

मुंह में कपड़ा और कंबल में लिपटा था शव

**जीद।** दड़ा मोहल्ला में सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में दो वर्षीय बच्ची का शव बरामद हुआ है। बच्ची के मुंह में कपड़ा था और उसका शव कंबल में लिपटा हुआ था। परिजन शव को लेकर नागरिक अस्पताल पहुंचे जहां पर चिकित्सकों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन पुलिस कार्रवाई से मना कर शव को घर ले गए। फिर सूचना मिलने पर डायल 112 बच्ची के घर पहुंची और शव को दोबारा नागरिक अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलने के बाद डीएसपी संदीप कुमार नागरिक अस्पताल पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



■ पुलिस मामले की कर रही है जांच

कैथल: होली मनाने को लेकर 9 मार्च 2023 में हुआ था विवाद

## हरीश हत्याकांड के तीन दोषियों को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

एडीजे डा. नंदिता कौशिक ने हत्या के एक मामले में तीन दोषियों को उम्र कैद और प्रत्येक को 1,01000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर 1 साल की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। जुर्माने की राशि मृतक के माता पिता को मुआवजे के रूप में देने के आदेश भी अदालत ने किए हैं। इस बारे में प्रदीप कुमार निवासी गांव म्योली ने 9 मार्च 2023 को थाना दंड में मुकदमा दर्ज करवाया था। शिकायत पक्ष की ओर से मुकदमे की पैरवी एपीपी कुलदीप गर्ग ने की। कुलदीप गर्ग ने बताया कि प्रदीप कुमार निवासी गांव म्योली 8 मार्च 2023 को अपने भाई हरीश कुमार, ताऊ के लड़के संदीप, चाचा के लडक़े कृष्ण कुमार, साले दीपक तथा दोस्त गुरजीत सिंह के साथ कन्या महाविद्यालय ढांड के पास होली मनाने लगे। वे सभी गाड़ी में गाने चलाकर डांस कर रहे थे। म्यूजिक सुनकर कुछ दूरी पर पार्टी कर रहे चार लड़के भी उनके पास आ गये और उनके साथ नाचने लगे। कुछ देर बाद प्रदीप वगैरा ने कहा कि आप लोग यहां से चले जाओ लेकिन वे माने नहीं और जबरदस्ती गाड़ी के उपर चढ़कर नाचने लगे। वे हरीश को जबरदस्ती होली खेलने बारे कह रहे थे लेकिन हरीश ने कहा कि अब हमें घर जाना है। इस बीच अनिल से ईंट सिर में मारी वह मर गया तबसे मामला कोर्ट में विचाराधीन था।




| MODEL | 125 CF | NS 125 | N160 |
|---|---|---|---|
| 100% GST लाभ | ₹7 801/-* | ₹9 150/-* | ₹11 424/-* |
| PF + इंश्योरेन्स सेविंग्स | ₹2 800/-* | ₹3 300/-* | ₹4 200/-* |
| हैट-ट्रिक सेविंग्स | ₹10 601/-* | ₹12 450/-* | ₹15 624/-* |

अपना नज़दीकी डीलर पता करें
72198 21111

BAJAJ SECURE · SHRIRAM Finance · IDFC FIRST Bank · BAJAJ AUTO CREDIT · L&T Finance · TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. हैट-ट्रिक सेविंग्स 22 सितंबर 2025 से लागू. दर्शाई गई कुल सेविंग्स 100% GST लाभ, (एक्स शोरूम कीमत और लागू होने वाले परिणामी आरटीओ टैक्स पर), शून्य प्रोसेसिंग फी और 1 साल की ओन डैमेज इंश्योरेन्स (OD) से प्राप्त सेविंग्स का कुल योग है. शून्य PF और OD पर सेविंग्स फ़ायनान्सर/इंश्योरेन्स-कर्ता पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें.

मोदी बोले, हम 8 राज्यों को मानते हैं अष्टलक्ष्मी

# कठिन विकास कार्य को हाथ न लगाना कांग्रेस की 'पुरानी आदत', कांग्रेस ने हमेशा नॉर्थईस्ट को नजरअंदाज किया

अरुणाचल और त्रिपुरा दौरे पर पीएम, कांग्रेस पर बोला हमला

5100 करोड़ रुपये की परियोजनाएं आरंभ की

**ईटानगर (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को आरोप लगाया कि विकास का जो भी काम मुश्किल होता है कांग्रेस उस काम को कभी हाथ नहीं लगाती और यह उसकी पुरानी आदत है हालांकि कांग्रेस की इस आदत से पूर्वोत्तर को बहुत नुकसान पहुंचा है। ईटानगर के इंदिरा गांधी पार्क में 5,100 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का अनावरण करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने जीएसटी सुधारों की सराहना की और कहा कि नवरात्रि के पहले दिन से कम दरें लागू होने से लोगों को इस त्योहारी सीजन में ''दोहरी सौगात'' मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह जानते थे कि पूर्वोत्तर का विकास दिल्ली से नहीं किया जा सकता, इसलिए उन्होंने मंत्रियों और अधिकारियों को इस क्षेत्र में अधिक बार भेजा और वह स्वयं यहां 70 से अधिक बार आए।

**त्रिपुरा में री-डेवलप्ड त्रिपुर सुंदरी मंदिर का उद्घाटन किया**

## अरुणाचल का हर व्यक्ति शौर्य और साहस का प्रतीक

### कांग्रेस से मुक्ति दिलाई

पीएम ने कहा कि कांग्रेस ने अरुणाचल को नजरअंदाज किया। इसी वजह से हमारा पूरा नॉर्थईस्ट छूट गया। जब मुझे सेवा का अवसर दिया तो मैंने कांग्रेसी सोच से देश को मुक्ति दिलाने की ठान ली। हमारी प्रेरणा इसी राज्य में वोटों और सीटों की संख्या नहीं, नेशन फर्स्ट की भावना है। देश पहले, हमारा एक ही मंत्र है, नागरिक देवो भवः।



### अब यहां आधुनिक राजमार्ग

मोदी ने कहा कि जिन क्षेत्रों को कभी सड़क निर्माण के लिए असंभव माना जाता था, वहां अब आधुनिक राजमार्ग हैं। उन्होंने कहा, "सेला सुरंग जो कभी अकल्पनीय थी अब अरुणाचल की गौरवशाली पहचान बन गई है। होलोंगी हवाई अड्डे पर एक नया टर्मिनल है और दिल्ली के लिए सीधी उड़ानें हैं। इससे छात्रों और पर्यटकों के लिए यात्रा आसान हुई है और किसानों को अपनी उपज बड़े बाजारों तक भेजने में भी मदद मिली है।"

**शाह पर टिप्पणी मामला**

## राहुल पर मानहानि मामले में 4 अक्टूबर को आएगा फैसला

**चाईबासा(एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा दायर की गई अर्जी पर एमपी-एमएलए कोर्ट, चाईबासा में सुनवाई पूरी हुई। राहुल गांधी ने अपने अधिवक्ता सुभाष चंद्र मिश्रा के माध्यम से दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 205 के तहत ट्रायल के दौरान व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट की मांग की थी। राहुल के खिलाफ यह मामला केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के विरुद्ध चाईबासा के भाजपा नेता प्रताप कटियार की ओर से किए गये मानहानि केस से जुड़ा है।

**असम सीएम सरमा बोले**

## लोगों की मांग पर जुबीन का आज दोबारा होगा पोस्टमार्टम

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि कुछ लोगों की मांग के बाद जुबीन गर्ग के शव का दूसरा पोस्टमार्टम होगा। मंगलवार को गुवाहाटी के अस्पताल में जुबीन गर्ग का पोस्टमार्टम किया जाएगा। रविवार को सिंगर जुबीन गर्ग का डेथ सर्टिफिकेट सिंगापुर हाइकमिशन द्वारा असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा को भेजा गया था। डेथ सर्टिफिकेट में सिंगर की मौत का कारण भी स्पष्ट लिखा है।

**जैकलीन को झटका**

## 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग केस से जुड़ी याचिका खारिज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका पर विचार करने से साफ इनकार कर दिया जिसमें उन्होंने 200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग केस में दर्ज प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट यानी ईसीआईआर को रद्द करने की मांग की थी। यह मामला कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़ा है, जो पहले ही कई धोखाधड़ी के मामलों में जेल में बंद है। इस पर सुनवाई चल रही थी।

**बनाया नया रिकॉर्ड**

## सोना 2200 और चांदी 4380 रुपये बढ़कर नए शिखर पर

**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक संकेतों से उत्साहित होकर सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतें 2,200 रुपये बढ़कर 1,16,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चस्तर पर पहुंच गई। इस बीच, सोमवार को चांदी की कीमतें 4,380 रुपये बढ़कर 1,36,380 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं। शुक्रवार को चांदी 1,32,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

**वीजा मुद्दे का दिखा असर**

## आईटी शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 466 अंक टूटा

**मुंबई (एजेंसी)।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों और रिलायंस इंडस्ट्रीज में बिकवाली से शेयर बाजार में सोमवार को गिरावट आई। 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 466.26 अंक यानी 0.56 प्रतिशत टूटकर 82,159.97 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह 628.94 अंक तक नीचे आ गया था। वहीं पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 124.70 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,202.35 अंक पर बंद हुआ।


## उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप -135002 द्वारा फर्मों को निम्नलिखित मदों के लिए **ई-निविदाओं** के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है:

| निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 61256627 | मिग/मैग वेल्डिंग मशीन | 30 नग | 20 अक्टूबर 2025 |

**निविदा शर्तें:** -1. विस्तृत जानकारी **IREPS** वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैन्युअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

**निविदा सूचना सं.: 61256627** **दिनांक: 22.09.2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2915/2025



## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कृष्ण पुत्र स्वर्गीय श्री महावीर शर्मा निवासी ग्राम भावर, तहसील गोहाना, जिला सोनीपत, हरियाणा** ने **FIR No. 14/2024, U/S 307/387/34 IPC,** अन्तर्गत **थाना द्वारका उत्तर, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कृष्ण** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कृष्ण** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 14/2024, U/S 307/387/34 IPC,** अन्तर्गत **थाना द्वारका उत्तर, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **कृष्ण** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री नीतिका कपूर**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-06**
**दक्षिण-पश्चिम जिला, कोर्ट संख्या 514**
**द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/12618/DW/2025(Court Matter)**


जीएसटी 2.0 की नई दरें प्रभावी

# 'जीएसटी बचत उत्सव' के साथ स्वदेशी मंत्र को मिलेगी नई ऊर्जा: पीएम मोदी
# ये पूरा जीएसटी सुधार नहीं, डेढ़वा अवतार,इसे लाने में 8 साल लगे: कांग्रेस

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार सुबह नवरात्रि की शुरुआत के साथ ही एक्स पर जीएसटी में बदलाव को लेकर पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि इस बार नवरात्रि का यह शुभ अवसर बहुत विशेष है। जीएसटी बचत उत्सव के साथ-साथ स्वदेशी के मंत्र को इस दौरान एक नई ऊर्जा मिलने वाली है। आइए, विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि के लिए सामूहिक प्रयासों में जुट जाएं। बता दें, जीएसटी की नई दरें नवरात्र के पहले दिन यानी 22 सितंबर से लागू हो गई हैं। अब जीएसटी के 5 फीसदी और 18 फीसदी के सिर्फ दो स्लैब रह गए हैं। नई दरें लागू होने के साथ रसोई के सामान से लेकर दवाइयां, गाड़ियां, कपड़े, मकान खरीदना-बनवाना, बीमा उत्पाद और एसी-टीवी जैसे कई उत्पाद सस्ते हो गए हैं।



ईटानगर में स्वदेशी उत्पादों की स्टॉल का अवलोकन करते पीएम मोदी

**कांग्रेस का आरोप**

### ट्रंप टैरिफ से ध्यान भटकाना मकसद



कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि ये जो दरें कम हुई हैं क्या उसका लाभ उपभोक्ताओं को मिलेगा या ग्राहकों को मिलेगा इस पर बड़ा सवाल है। ये पूरा जीएसटी सुधार नहीं है ये दूसरा अवतार नहीं बल्कि डेढ़वा अवतार है। हमें जो ट्रंप से निपटना है उन्होंने जो टैरिफ लगाया और दूसरी तरफ हमारी वीजा को खत्म कर रहे हैं ये सब ध्यान कही और ले जाने के लिए किया जा रहा है। जीएसटी में आपने जो सुधार लाया इसमें आपको 8 साल लगा क्या 8 साल पहले आप सो रहे थे। ये आपको 8 साल पहले करना चाहिए था।

### जीएसटी रिफॉर्म का वादा पूरा: शाह



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सरकार का नवरात्रि के शुभ अवसर पर देश की सभी माताओं-बहनों को नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म का उपहार! पीएम मोदी ने देशवासियों से जीएसटी रिफॉर्म का जो वादा किया था, वह पूरे देश में लागू हो गया है। इस जीएसटी में 390 से अधिक वस्तुओं पर टैक्स में ऐतिहासिक कमी की गई है। इस राहत से देशवासियों के जीवन में खुशियां आएंगी और उनकी बचत भी बढ़ेगी।

### दुकानदार और ग्राहक दोनों खुश : वैष्णव



केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पीएम ने टैक्स स्लैब को कम करने का फैसला लिया है, जिससे हर घर को बचत करने में मदद मिलेगी। बचत महोत्सव शुरू हो गया है। दुकानदार और ग्राहक दोनों बहुत खुश हैं। हमें अपने दैनिक जीवन में यथासंभव स्वदेशी का उपयोग करने का एक और संकल्प लेने की आवश्यकता है।

**भाजपा का पलटवार**

### कांग्रेस के मुद्दों को जनता नकार चुकी



कांग्रेस के आरोपों पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पलटवार करते हुए कहा कि जयराम रमेश को समझना चाहिए कि यदि किसी देश से टैरिफ बातचीत नहीं हो रही होती तो क्या जीएसटी दरें कम नहीं होनी चाहिए थीं? उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता का नारा नया नहीं है, इसे अब मजबूती दी जा रही है। पुरी ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस और उसके नेताओं को नए मुद्दे खोजने चाहिए क्योंकि पुराने मुद्दों पर जनता ने उन्हें नकार दिया है। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव का उदाहरण दिया, जहां एनएसयूआई को हार का सामना करना पड़ा।


## उत्तर रेलवे

**ई-निविदा सूचना**

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा-135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई-निविदाएं आमंत्रित करता है-

| कार्य का नाम | " आरएमपीयू एलएचबी एसी कोचों के नवीनीकरण का प्रावधान। | | |
|---|---|---|---|
| निविदा प्रकार | खुला | बोली प्रणाली | एकल पैकेट प्रणाली |
| निविदा विक्रय समापन तिथि | 13.10.2025 प्रातः 11:30 बजे। | निविद अपलोड करने की तिथि एवं समय | 20.09.2025 14:45 बजे |
| पूर्व-बोली आवश्यक है | नहीं | आज तक प्री-बिड क्वेरी | ना |
| विज्ञापन मूल्य | रू 7,45,56,394/- सभी कर जीएसटी आदि सहित | निविदा अनुभाग | टेंडर एवं वर्क्स/इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप। |
| अग्रिम धन | रू 5,22,800.00/- | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा दस्तावेज लागत | Nil अप्रैल 2022 के भाग-I खंड संख्या 3 के अनुसार | समापन की अवधि | 24 माह |
| बोली आरंभ तिथि | 29.09.2025 | बोली समाप्ति तिथि | 13.10.2025 प्रातः 11:30 बजे। |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है। | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in पर जाएं | | |

**56-डब्ल्यू/इलेक्ट/25-26/टी/13/आरएमपीयू/नवीनीकरण**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2909/25



## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## महिलाओं के लिए हेल्पलाइन

**नई दिल्ली।** महिला हेल्प लाइन नंबर 1091 संकटग्रस्त महिला के लिए एक 24x7 निःशुल्क, आपातकालीन हेल्प लाइन सेवा है। यह हेल्प लाइन तथा व्हाट्सएप नंबर 7835075012 जो 24 घंटे काम करता है और यह संकटग्रस्त महिलाओं को तत्काल सहायता और सुरक्षा कवच प्रदान करता है। इस हेल्प लाइन नंबर का प्रचार आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रमों, जिनका संचालन दिल्ली के स्कूलों, कॉलेजों, झुग्गी बस्ती क्षेत्रों में नियमित तौर पर स्पेशल पुलिस यूनिट फॉर वीमेन एंड चिल्ड्रन (**SPUWAC**) द्वारा किया जाता है। इस हेल्प लाइन का उद्देश्य संकटग्रस्त महिलाओं को शारीरिक, मानसिक, मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान करना और महिलाओं तक दिल्ली पुलिस की पहुंच बढ़ाना है

## के.आर. मंगलम विवि ने सफलतापूर्वक आयोजित किया ईडीएम फिएस्टा 2025

**नई दिल्ली ।** के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय ने शुक्रवार, 19 सितम्बर 2025 को अपने परिसर में भव्य ईडीएम फिएस्टा 2025 का सफल आयोजन किया। दोपहर 3 बजे से प्रारम्भ हुए इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की व्यापक एवं उत्साही भागीदारी देखने को मिली, जिससे संपूर्ण परिसर में उल्लास एवं ऊर्जावान वातावरण निर्मित हुआ।कार्यक्रम में देश-विदेश के पाँच प्रतिष्ठित डीजे कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से विद्यार्थियों का मनोरंजन किया। इनमें शामिल रहे डीजे एलीना (एलीना चौहान), डीजे प्रेरक (प्रेरक आनंद), डीजे मिक्की (मंथन बंसल), डीजे एनसिक्स (पियूष बासोर) तथा अंतरराष्ट्रीय कलाकार ओला रास, जिन्होंने अपनी विशिष्ट शैली और ऊर्जावान संगीत से उपस्थित जनसमूहको मंत्रमुग्ध कर दिया।




## मनी लॉन्ड्रिंग : लालू यादव के खिलाफ अब रोजाना सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने पिछले सप्ताह कहा कि वह लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार के कई सदस्यों तेजस्वी यादव, तेज प्रताप यादव, राबड़ी देवी, मीसा भारती और हेमा यादव के खिलाफ नौकरी के बदले जमीन घोटाले के संबंध में दर्ज धन शोधन मामले में प्रतिदिन सुनवाई करेगी। बार एंड बेंच की एक खबर के अनुसार, 20 सितंबर को पारित आदेश में विशेष न्यायाधीश (पीसी एक्ट) विशाल गोगने ने कहा कि आरोपियों को केस दस्तावेजों की स्पष्ट प्रतियां देने के मुद्दे को सुलझाने के लिए मामले की रोजाना सुनवाई 13 अक्टूबर से की जाएगी। कोर्ट ने कहा कि मामले को रोजाना सुना जाएगा ताकि आरोपियों द्वारा धारा 207 दंड प्रक्रिया संहिता से जुड़ी किसी भी आपत्ति या चिंता का समाधान किया जा सके।


## उत्तर रेलवे

**ई-निविदा**

**खुली निविदा संख्या 31-अम्बाला/2025-26 दिनांक 22.09.2025**

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एडीईएन/आरपीजे के अंतर्गत आरपीजे-केएलआई खंड पर ट्रेनों के सुरक्षित संचालन के लिए ट्रैक के साथ सीआरओ स्थानों पर सुरक्षा बाड़ (आरसीसी दीवार/एंटी क्रैश बैरियर) का प्रावधान। | 2,81,88,398 | 2,91,000 | 08 महीने | 14.10.2025 |
| 2 | यूएमबी डिवीजन में रनिंग रूम का उन्नयन (शिमला में रनिंग रूम में प्रमुख उन्नयन)। | 94,00,279 | 1,88,000 | 06 महीने | 14.10.2025 |
| 3 | यूएमबी-केएलके और सीडीजी-एमआरएनडी खंड पर विभिन्न लेवल क्रॉसिंग और आरयूबी/एलएचएस पर सिविल इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार के लिए मानक ऊंचाई गेज का प्रावधान। | 2,94,69,733 | 2,97,400 | 06 महीने | 14.10.2025 |
| 4 | सीनियर डीईएन-IV/ यूएमबी अनुभाग में 8 इलेक्ट्रॉनिक प्रकार ट्रैक आधारित रेल लुब्रिकेटर की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग और एएमसी के साथ संचालन (60 महीने के लिए)। | 1,37,49,850 | 2,18,800 | 60 महीने | 14.10.2025 |
| 5 | सीनियर डीईएन-IV/ यूएमबी अनुभाग में 39 इलेक्ट्रॉनिक प्रकार ट्रैक आधारित रेल लुब्रिकेटर की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग और एएमसी के साथ संचालन (60 महीने के लिए)। | 5,87,20,007 | 4,43,600 | 60 महीने | 14.10.2025 |
| 6 | एडीईएन/यूएमबी और सीडीजी अनुभाग में 36 इलेक्ट्रॉनिक प्रकार ट्रैक आधारित रेल लुब्रिकेटर की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग और एएमसी के साथ संचालन (60 महीने के लिए)। | 5,42,03,083 | 4,21,000 | 60 महीने | 14.10.2025 |
| 7 | एडीईएन/यूएमबी, सीडीजी और एस.आर.ई. अनुभाग में 5 इलेक्ट्रॉनिक प्रकार के ट्रैक आधारित रेल लुब्रिकेटर की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग और संचालन ए.एम.सी. के साथ (60 महीने के लिए)। | 85,93,656 | 1,71,900 | 60 महीने | 14.10.2025 |
| 8 | सीनियर डीईएन/II/यूएमबी अनुभाग में 15 इलेक्ट्रॉनिक प्रकार ट्रैक आधारित रेल लुब्रिकेटर की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग और एएमसी के साथ संचालन (60 महीने के लिए)। | 2,25,84,618 | 2,62,900 | 60 महीने | 14.10.2025 |
| 9 | सीनियर डीईएन/II/यूएमबी अनुभाग में 5 इलेक्ट्रॉनिक प्रकार ट्रैक आधारित रेल लुब्रिकेटर की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग और एएमसी के साथ संचालन (60 महीने के लिए)। | 85,93,656 | 1,71,900 | 60 महीने | 14.10.2025 |
| 10 | एडीईएन/एसआरई अनुभाग में 14 इलेक्ट्रॉनिक प्रकार ट्रैक आधारित रेल लुब्रिकेटर की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग और एएमसी के साथ संचालन (60 महीने के लिए)। | 2,10,78,977 | 2,55,400 | 60 महीने | 14.10.2025 |
| 11 | एडीईएन/जेयूडीडब्ल्यू के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/जेयूडीडब्ल्यू अनुभाग में रेलवे कॉलोनी जेयूडीडब्ल्यू में स्टाफ क्वार्टर ब्लॉक संख्या टीवाई-II डी/एस ब्लॉक संख्या 488 से 505, 589 से 606 (144 यूनिट), टीवाई-।। ब्लॉक संख्या 527 से 544, 569 से 575 (100 यूनिट), टीवाई-। ब्लॉक संख्या 484 से 487, 457 और 458 (28 यूनिट) आदि में दरवाजे, खिड़कियां, सनशेड, फर्श, प्लास्टर और शौचालयों की आरसीसी छत की मरम्मत और अन्य विविध कार्य। | 64,35,644 | 1,28,700 | 09 महीने | 14.10.2025 |

नोट :- 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट **IREPS** पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई-निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-।।।) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। **2916/25**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## राशिफल


**मेष** मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**वृष** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।



**मिथुन** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।



**कर्क** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।



**सिंह** आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे


**कन्या** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च



**तुला** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।


**वृश्चिक** मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**धनु** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।


**मकर** मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।


**कुंभ** मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।


**मीन** मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

## आयुर्वेद का शंखनाद, पुनः गुंजायमान स्वर्णिम क्षण की ऐतिहासिक पुनरावृत्ति

**हरिद्वार (ब्यूरो)।** आचार्य बालकृष्ण जी को अमेरिका के प्रतिष्ठित स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के शोध समूह और विश्वप्रसिद्ध प्रकाशक एल्सेवियर द्वारा जारी विश्व के शीर्ष 2% वैज्ञानिकों की सूची में पुनः सम्मिलित किया गया है। इस उपलब्धि की ऐतिहासिक पुनरावृत्ति, आचार्य बालकृष्ण जी के लिए व्यक्तिगत रूप से ही नहीं, अपितु पतंजलि, आयुर्वेद एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष के लिए हर्ष का विषय है। भारत के सनातन ज्ञान को साक्ष्य-आधारित वैज्ञानिक दृष्टिकोण के धरातल पर प्रमाणित कर, आचार्य बालकृष्ण ने सिद्ध कर दिया है कि अगर प्रबल इच्छाशक्ति हो तो कोई भी कार्य असंभव नहीं है। उनके द्वारा किए गए शोध कार्य, विश्व भर के वैज्ञानिकों के लिए प्राकृतिक जड़ी-बूटियों से जुड़ें भविष्य के शोध कार्यों के लिए मार्ग प्रशस्त करेंगे। आचार्य की अनुसन्धानीय एवं आयुर्वेदिक कार्यों में गहन विशेषज्ञता एवं उनके गतिशील मार्गदर्शन से प्रेरणा लेकर 300 से अधिक शोध लेखों का प्रकाशन अंतरराष्ट्रीय रिसर्च जर्नल्स में किया गया है। आचार्य जी के सतत निर्देशन में पतंजलि द्वारा 100 से अधिक साक्ष्य-आधारित आयुर्वेदिक औषधियों को विकसित किया गया है।


■ **आचार्य बालकृष्ण विश्व रैंकिंग में शीर्ष 2% वैज्ञानिकों की सूची में शामिल**

## वनस्थली विद्यापीठ ने शुरू किया प्रथम अखिल महिला एलएलएम कार्यक्रम

**टोंक।** आज विधि अध्ययन विभाग बनस्थली विद्यापीठ ने फोरेंसिक साइंस कॉन्क्लेव 2025 के उद्घाटन के दौरान फोरेंसिक में भारत की पहली अखिल महिला एलएलएम की शुरुआत की घोषणा की। इस दो दिवसीय शैक्षणिक कार्यक्रम में देशभर से आए प्रख्यात फॉरेंसिक वैज्ञानिकों, विधि विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और छात्राये एक साथ आए। इस फॉरेंसिक संगोष्ठी ने न्याय प्रणाली को सशक्त बनाने तथा विधिक प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संगोष्ठी की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। उद्घाटन समारोह में प्रो. ईना आदित्य शास्त्री, कुलपति, वनस्थली विद्यापीठ ने उपस्थित होकर भारत भर से आए सभी 225 अतिथियों, गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया और फोरेंसिक तथा आपराधिक कानूनों में नेतृत्वकारी भूमिकाओं के लिए महिलाओं को तैयार करने के प्रति आशा व्यक्त की। प्रोफेसर हर्ष पुरोहित, डीन, विधि संकाय ने संगोष्ठी के विशेषज्ञों का प्रारंभिक परिचय प्रस्तुत किया।

**225 अतिथियों, गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया**

## शब्द पहेली - 5997





**बाएँ से दाएँ**
1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना,धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

**ऊपर से नीचे**
2.उद्देश्य,गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र,बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान,जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह,जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

### शब्द पहेली- 5996 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | त | था | क | थि | त | | क | या | म | त |
| ना | प | | ह | | र | का | बी | | त | र |
| मु | | त | वा | य | फ | | ला | वा | | खा |
| ना | पा | क | | | दा | नी | | दा | म | न |
| सि | | दी | | प | र | | सा | | हि | |
| ब | ह | र | हा | ल | | नि | य | ला | प | न |
| | र | | नि | | आ | शा | | ज | | ज |
| अ | म | र | | अ | तं | | | वा | न | र |
| मा | | मा | न | | क | र | त | ब | | बं |
| न | या | | ज | ल | वा | | ना | | क | द |
| त | क | दी | र | | द | शा | व | ता | र | |






पूज्य महात्मा गांधी

सत्यमेव जयते

SWACHHOTSAV
Swachhata Hi Seva 2025
17 September - 2nd October
A Swachh Bharat Mission Initiative



पंडित दीनदयाल उपाध्याय



पूज्य महात्मा गांधीजी के दिखाए हुए स्वच्छता के रास्ते पर आइए,
पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिवस पर
हम सब मिलकर स्वच्छता के लिए श्रमदान दें।

एक दिन एक घंटा एक साथ

25 सितंबर 2025, सुबह 8:00 बजे

स्वच्छता उत्सव में जुड़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

श्रमदान का स्थान चयन करने के लिए QR कोड स्कैन करें या swachhatahiseva.gov.in पर जाएँ

CBC 44101/13/0009/2526

हरियाणा सरकार



# हरियाणा
# वीर एवं शहीदी दिवस

23 सितम्बर, 2025

वीरों से भरा ये भारत महान,
शौर्य और बलिदान, रोशन हिन्दुस्तान



"भारत के लिए जीने वाले हमारे वीर जवान भारत की आन-बान-शान हैं। राष्ट्र रक्षा में अपने-आप को दिन-रात खपाने वाले, आहूत करने वाले वीर-वीरांगनाओं से देश सदैव प्रेरणा लेता है।"

- नरेन्द्र मोदी

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा के WhatsApp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा

www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipharyana

## चिंतन

# देश की प्रतिभाओं को आकर्षित करने का मौका

दुनिया की तस्वीर बहुत तेजी से बदल रही है। एक के बाद एक ऐसे फैसले आमने आ रहे हैं जो हैरान करने वाले हैं। सबसे ज्यादा तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चौंका रहे हैं। उन्होंने एकाएक एच-1बी वीजा के नियमों में संशोधन करके भारतीय पेशेवरों के लिए परेशानी खड़ी कर दी है। अब अगला फैसला चीन की तरफ से आया है। अपने विकास और अपनी तकनीक को हमेशा गोपनीय रखने वाले चीन ने दुनिया भर के टैलेंट को आकर्षित करने के लिए एक नई के वीजा कैटेगरी की शुरुआत करने का ऐलान किया है। वैसे तो चीन की नई वीजा कैटेगरी को लेकर फैसला अगस्त में ही कर लिया गया था। लेकिन अब एक अक्टूबर, 2025 से ये लागू हो जाएगी। अमेरिका साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ्स की फील्ड से जुड़े लोगों को एच-1बी वीजा के जरिए देश में लाता रहा है, लेकिन अब यही काम चीन करने वाला है। कई देशों में वर्किंग प्रोफेशनल्स की एंट्री कड़ी की जा रही है। ऐसे में चीन ने इसका फायदा उठाते हुए नए वीजा को लॉन्च किया है, ताकि वह उन्हें देश में लेकर आ सके। दरअसल, अमेरिका ने टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग सेक्टर में जिस तरह का दबदबा बनाया है, उसके पीछे एच-1बी वीजा का बड़ा हाथ रहा है। बिना एच-1बी वीजा वर्कर अमेरिका की टेक इंडस्ट्री प्रभावित हो सकती है। चीन को ये बात अच्छी तरह से मालूम है, तभी वह चाहता है कि जिन वर्किंग प्रोफेशनल्स को अमेरिका जाने में दिक्कत हो रही है, वो सीधे चीन आ जाएं और उसने कई तरह की सुविधाएं देने का भी वादा किया है। ऐसे में जल्द ही सारे टैलेंटेड लोग चीन का रुख भी कर सकते हैं। आवेदकों को ये वीजा तभी मिलेगा, जब वे चीनी अधिकारियों द्वारा तय की गई क्वालिफिकेशन और शर्तों को पूरा करेंगे। उन्हें इस दौरान जरूरी डॉक्यूमेंट्स भी दिखाने होंगे। हालांकि, अभी वीजा की शर्तों को जारी नहीं किया गया है, लेकिन जल्द ही चीनी दूतावासों और महावाणिज्य दूतावासों की तरफ से इसकी जानकारी पब्लिश की जाएगी। इस फैसले से तय है कि चीन दुनियाभर की प्रतिभा अपने देश में लाने की तैयारी में है। अमेरिका के ही सरकारी आंकड़े बताते हैं कि अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के बीच जारी किए गए सभी एच-1बी वीजा में से 70 प्रतिशत से ज्यादा भारतीयों को मिले हैं। ट्रंप सरकार स्वदेशियों को रोजगार के अवसर की आड़ लेकर अपने यहां स्किल्ड अप्रवासियों के रास्ते धीरे-धीरे बंद कर रही है। एक तथ्य यह भी है कि अमेरिका की कई नामी कंपनियां भारतीय पेशेवरों के भरोसे ही रहती आई हैं। अमेरिका में भारी वीजा फीस देनी पड़ी तो ये कंपनियां भी अपने कार्यालय भारत व दूसरे देश में खोलने का विकल्प रख सकती हैं। अब चीन चाहता है कि वे कंपनियां उनके देश में आ जाएं। हमें भी चीन की तरह तुरंत कदम की उठाने की जरूरत है ताकि हमारे युवा अपने ही देश में रहकर विकास को रफ्तार दें। इसके लिए अभी कई तरह के प्रयास करने होंगे। क्योंकि वेतन व जीवनशैली से जुड़ी सुविधाओं का इन प्रयासों में खासा योगदान रहने वाला है। अभी हमारे शहरों में ऐसे पेशेवरों के लिए बुनियादी सुविधाओं की दिशा में काफी कुछ करना बाकी है। लेकिन इतना तय है कि बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और गुरुग्राम जैसे आइटी शहरों में पेशेवरों और स्टार्टअप्स को आकर्षित करने का यह बेहतर मौका है। समुचित सुविधाएं देने के साथ अपने ही देश में पेशेवरों को रोक कर 'विकसित भारत' के लक्ष्य की दिशा में कदम तेज किए जा सकते हैं। बस जरूरत है कि कदम आगे बढ़ाने की।

# संबोधन का दूरगामी महत्व



पहल
अवधेश कुमार

> प्रधानमंत्री मोदी के बारे में उनकी पार्टी के शीर्ष लोग भी बोलते हैं की उनका पूर्व अनुमान लगाना लगभग असंभव होता है। इस कारण शायद देश के बड़े समूह की उम्मीदें ज्यादा रही होंगी। इस समय जिस तरह की चुनौतियां भारत के सामने उत्पन्न हुईं हैं, सोशल मीडिया में इतनी बातें आती है कि लोग सभी में शीर्ष नेतृत्व से प्रतिक्रिया की मांग करने लगते हैं। उसमें यदि कुछ लोगों को लगता है कि इतने के लिए संबोधन की आवश्यकता नहीं थी तो यह उनकी सोच हो सकती है। सच कहा जाए तो किसी संबोधन का छोटा होना उसके आवश्यक, प्रासंगिक और महत्वपूर्ण न होने का पर्याय नहीं हो सकता।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्र के नाम संबोधन लगभग 19 मिनट का था। विरोधियों की आम प्रतिक्रिया यही है कि केवल जीएसटी या वस्तु और सेवा कर सुधार की ही बात रखनी थी तो उसके लिए राष्ट्र के नाम संबोधन की कोई आवश्यकता नहीं थी। कई विश्लेषकों और पत्रकारों ने भी अपने सोशल मीडिया पर इसी तरह का पोस्ट लिखा है। मोदी की छवि अच्छे प्रभावी होने के साथ लोगों की समझ में आ जाए इस तरह से बात रखने वाले वक्ता की है। जैसे ही यह सूचना आई कि प्रधानमंत्री शाम 5 बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगे अनेक तरह की अटकलें लगाई जाने लगी। प्रधानमंत्री मोदी के बारे में उनकी पार्टी के शीर्ष लोग भी बोलते हैं की उनका पूर्व अनुमान लगाना लगभग असंभव होता है। इस कारण शायद देश के बड़े समूह की उम्मीदें ज्यादा रही होंगी। इस समय जिस तरह की चुनौतियां भारत के सामने उत्पन्न हुईं हैं, सोशल मीडिया में इतनी बातें आती है कि लोग सभी में शीर्ष नेतृत्व से प्रतिक्रिया की मांग करने लगते हैं। उसमें यदि कुछ लोगों को लगता है कि इतने के लिए संबोधन की आवश्यकता नहीं थी तो यह उनकी सोच हो सकती है। सच कहा जाए तो किसी संबोधन का छोटा होना उसके आवश्यक, प्रासंगिक और महत्वपूर्ण न होने का पर्याय नहीं हो सकता।

2017 में जीएसटी की शुरुआत के समय भी प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन किया था और उसे आर्थिक आजादी की शुरुआत बताया था। अप्रत्यक्ष करों में इतनी बड़ी कटौती केवल दो दरों 5 प्रतिशत और 18% तक सीमित कर देने जैसे ऐतिहासिक कदम पर वे देश को संबोधित नहीं करें ऐसा संभव नहीं था। उसमें भी इस वर्ष के बजट में 12 लाख तक की आय को कर मुक्त कर दिया गया। ध्यान रखिए, 15 अगस्त को लाल किले के संबोधन से ही उन्होंने सेकंड जेनरेशन रिफॉर्म यानी दूसरी पीढ़ी के सुधारों की बात की थी और इसे सतत प्रक्रिया बताया था। इस नाते जीएसटी दरों में परिवर्तन का क्रांतिकारी महत्व है। शारदीय नवरात्र और ग्रेगोरियन कैलेंडर से 22 सितंबर से इसकी शुरुआत करने का महत्व भी समझ जाना चाहिए। आखिर नौ दिनों का यह त्योहार शरीर और चित्त की शुद्धि ही नहीं अपनी साधना से बहु स्वरूपा मां दुर्गा को प्रसन्न कर सिद्धि प्राप्त करने की भी है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वयं दासत्वकाल के अवशेषों और मानसिकता से मुक्ति का बार-बार आह्वान किया है। शुभ मुहूर्त में देवी देवताओं की आराधना के साथ कार्य शुरू करने की हमारी परंपरा है। नवरात्र के आरंभ जैसी अवसरों से अपने व्यापक आर्थिक सुधार के इतने महत्वपूर्ण कदम की शुरुआत करते हैं तो राष्ट्र के नाम संबोधन से इसका महत्व स्पष्ट होता है। प्रधानमंत्री ने नागरिक देवो भव, बचत उत्सव से लेकर स्वदेशी और आत्मनिर्भरता की बातचीत की। वर्तमान विश्व परिदृश्य अनिश्चितताओं से भरा हुआ है। ऐसा लगता है जैसे अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के संचालन के लिए कोई नियम या तंत्र नहीं है। सभी देशों को अपनी आंतरिक व बाह्य शक्ति के आधार पर ही अस्तित्व बनाए रखने और कार्य करने का यथार्थ सामने है। भारत के सामने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले 25% सीमा शुल्क फिर रूस से तेल खरीदने पर अतिरिक्त 25% शुल्क लागू कर दिया। अमेरिका विपक्षीय व्यापार में हमारा सबसे ज्यादा




42 से 43 अरब डॉलर का लाभ देने वाला देश है। यहां हमारे वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात प्रभावित हुए तो इसका असर संपूर्ण अर्थव्यवस्था पर पड़ना है। आप इसका आकलन अपने अनुसार कर सकते हैं। शायद सामान्य समय में भारत रूस से तेल आयात में थोड़ी बहुत कमी कर सऊदी और अन्य जगहों से बढ़ा सकता था। किंतु अभी ऐसा करने का अर्थ देश का दबाव में झुक जाना होगा और इसका आर्थिक प्रभाव भी होगा। विश्व को दिशा देने का लक्ष्य रखने वाला देश कदापि ऐसा नहीं कर सकता। तो यह एक अवसर है हमें भविष्य की दृष्टि से सचेत होकर कदम उठाने का ताकि आने वाले समय में इससे बड़े आघात भी राष्ट्र के रूप में भारत को प्रभावित नहीं कर सकें।

रक्षा, सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय समीकरणों की दृष्टि से भी संपूर्ण विश्व उथल-पुथल के दौर में है। थोड़ी गहराई से देखे तो यह विचारधाराविहीनता का भी युग है जहां संपन्न व प्रभावी व्यक्तित्व, संस्थाएं, संगठन, समूह, समुदाय किसी देश में उथल-पुथल का खतरा पैदा कर सकते हैं। इन सबसे निपटने का कोई एक रास्ता हो सकता है तो यही कि भारत हर दृष्टि से स्वयं को आत्मनिर्भर बनाएं और आत्मनिर्भरता का रास्ता राष्ट्र के प्रति स्वभाव के अभियान और स्वदेशी से जाता है। प्रधानमंत्री स्वयं लंबे समय से लोकल फौल वोकल की बात तो करते ही रहे हैं।

इन सारे परिप्रेक्ष्यों को आधार बनाएं तो निष्कर्ष आएगा कि प्रधानमंत्री ने छोटे संबोधन में ही राष्ट्र के लिए एक क्रांति का आह्वान किया है। उन्होंने उद्यमियों, एक-एक व्यक्ति, सभी राज्यों से अपील की है कि मिलजुल कर इस तरह से कम करें, ऐसे नियम बनाएं ताकि स्वदेशी सोच व संसाधनों की बदौलत आत्मनिर्भर बन सकें। यही एकमात्र रास्ता है जिसके बाद कोई देश हमको आर्थिक, सैन्य, तकनीक, वैज्ञानिक किसी दृष्टि से दबावों में लाने का दुस्साहस नहीं करेगा। राष्ट्र के नाम संबोधन में सामान्य विदेश नीति ,,कूटनीति ही नहीं विपक्ष के आरोपों का उत्तर या विपक्ष पर राजनीतिक हमले नहीं किए जाते। कांग्रेस के जयराम रमेश या अन्य नेताओं के पूर्व कटाक्षों से आप प्रभावित केवल भारत के भविष्य का विचार करते हुए प्रधानमंत्री ने देश के नेता के रूप में सभी से इन परिस्थितियों में भारत राष्ट्र के नाते सोचने और उस दृष्टि से संगठित होकर काम करने का आह्वान किया है।

25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया जो नवमध्यम वर्ग है। इसकी अभिक्षाएं हैं जो बहुत कुछ करने और पाने को तत्पर है। दूसरे , भारत में सुधारों के कारण नियम-कानूनों को इतना आसान कर दिया गया है कि एक शहर से दूसरे शहर, एक राज्य से दूसरे राज्य और अनेक मायनों में देशव्यापी उद्यम, कारोबार और आवागमन सहित आपूर्ति श्रृंखला में पहले की तरह समस्या नहीं है। प्रधानमंत्री ने उदाहरण भी दिया कि बेंगलुरु से हैदराबाद सामान पहुंचाने में इतने कर देने पड़ते थे कि उत्पादक पहले उसे यूरोप भेज कर वहां से हैदराबाद मांगना आसान समझते थे। यह उदाहरण देश और विदेश के पूंजी निवेशकों के लिए भी था कि भारत बदल चुका है। पहले बड़े आय को कर मुक्त करने अप्रत्यक्ष कर भी केवल पांच प्रतिशत और 18% तक सीमित करने का अर्थ घरों में बचत होगा और भारत जैसे व्यापक मध्यवर्ग परिवार के लोग अतिरिक्त पैसों से खरीदारी करेंगे। भारत की दृष्टि से देखें तो नवरात्र के समय से त्योहार का दौर शुरू होता है जिसमें आम परिवार खरीदारी करते हैं। जीएसटी के बदलाव का समय ऐसा चुना गया है कि बाजारों में बिक्री बढ़नी ही है। वैश्विक परिस्थितियों के और बिगड़ने के बावजूद इसका नकारात्मक असर नहीं हो सकता है। इन दृष्टियों से प्रधानमंत्री के संबोधन के तात्कालिक एवं दूरगामी महत्व को समझा जा सकता है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मौसम

पंकज चतुर्वेदी



# मानसून को जलवायु परिवर्तन के परिपेक्ष्य में समझना होगा


इस बार उत्तर भारत में मानसून ने लोगों को डरा दिया है। बांध लबालब हैं, नदियों का पानी खेतों में प्रवेश कर गया है। भारत के मौसम विभाग के 2012 से उपलब्ध के आंकड़ों के अनुसार 22 अगस्त से चार सितंबर तक देश के उत्तरी हिस्से में सामान्य से तीन गुना अधिक बारिश हो चुकी है। जो कि पिछले 14 सालों में सबसे अधिक है। पंजाब में आई इस दशक की सबसे भीषण बाढ़ के कारण हजारों लोगों को अपना घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन करना पड़ा है। जम्मू-कश्मीर में वैष्णो देवी मार्ग पर बादल फटने के कारण काफी नुकसान हुआ है। बारिश के पानी के कारण दिल्ली में यमुना का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। हिमाचल और उत्तराखंड में भूस्खलन के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। ये प्रकृति की नियति है लेकिन यह बड़ी चेतावनी है कि जलवायु परिवर्तन का असर अब देश के बड़े हिस्से में चरम रूप में सामने आ रहा है। भारत में मानसून पर अब अलनीनो से अधिक असर हिन्द महासागर में हो रहे मौसमी बदलाव का असर है। हिंद महासागर में तेजी से तापमान बढ़ने के चलते अब मानसून में अधिक बदलाव आ रहा है, जिससे कभी-कभी सूखा तो कभी अति वर्षा देखने को मिल रही है। इसका कारण हिंद महासागर का द्विध्रुव जिसे आईओडी कहते हैं। आईओडी अर्थात समुद्री सतह के तापमान का ऐसा अनियमित दोलन है, जिसमें पश्चिमी हिंद महासागर की सतह का तापमान पूर्वी हिंद महासागर की तुलना में क्रमिक रूप से कम या अधिक होता रहता है। जो बंगाल की खाड़ी और अरब सागर के बीच गर्म पानी और वायुमंडलीय दबाव में उतार-चढ़ाव का कारण बनता है। आमतौर पर आईओडी अप्रैल से मई के बीच विकसित होता है और अक्टूबर में चरम पर होता है। इसके विकास और चरण से मानसून के समय और ताकत पर असर पड़ता है। जब पश्चिमी हिंद महासागर पूर्वी हिंद महासागर की तुलना में बहुत अधिक गर्म हो जाता है, इसे सकारात्मक आईओडी कहते हैं। इससे भारतीय उपमहाद्वीप व पश्चिमी हिंद महासागर अपेक्षाकृत अधिक वर्षा प्राप्त करते हैं। जब पूर्वी हिंद महासागर का तापमान पश्चिमी हिंद महासागर की तुलना में सामान्य से बहुत अधिक हो जाता है। ऐसे हालात को नकारात्मक आईओडी कहते हैं और इससे भारतीय मानसून कमजोर पड़ वर्षा की तीव्रता में कमी आती है।

दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा महासागर हिंद महासागर बढ़ती मानवजनित गतिविधियों के कारणए अन्य महासागरों की तुलना में तेजी से गर्म हो रहा है। आइआइटीएम पुणे के विज्ञानी राक्सी मैथ्यू कौल के नेतृत्व में हुए अध्ययन में गर्म होते हिंद महासागर से मानसून की बारिश में बदलाव की बात सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हिंद महासागर में समुद्री गर्मी बढ़ रही है और इसका असर भारतीय मानसून पर भी पड़ रहा है। जर्नल ऑफ जियोफिजिकल रिसर्च ओशन्स में श्जेनेसिस एंड ट्रेंड्स इन मरीन हीट वेव्स ओवर दा ट्रॉपिकल इंडियन ओशन एंड देयर रिएक्शन विथ समर मानसून् नाम से प्रकाशित अध्ययन में शोधकर्ताओं ने हिंद महासागर के गर्म होने का सीधा प्रभाव मानसून पर होने का निष्कर्ष निकाला है। जब पश्चिमी हिंद महासागर और बंगाल की खाड़ी में समुद्री लहरों का तापमान बढ़ता है तो मध्य भारतीय उपमहाद्वीप में शुष्क मौसम हो जाता है। इसी के चलते उत्तरी बंगाल की खाड़ी में गर्म हवाएं उठती है इसके चलते दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में बरसात में बढ़ोतरी हो रही है है।

बढ़ती मानवजनित गतिविधियों के कारण महासागरों को संभवतः पहले से कहीं अधिक बड़े खतरे का सामना करना पड़ रहा है। भारत के लोक जीवन अर्थ व्यवस्थाए पर्व त्योहार का मूल आधार बरसात या मानसून का मिजाज ही है। कमजोर मानसून पूरे देश को सूना कर देता है। इसके बावजूद जब प्रकृति अपना आशीष इन बूंदों के रूप में देती है तो समाज व सरकार इसे बड़े खलनायक के रूप में पेश करने लगते हैं। विडंबना यह है कि हम अपनी जरूरतों में इस तरह का बदलाव लाने को राजी नहीं है। असल में हम अपने मानसून के मिजाज, बदलते मौसम में बदलती बरसात मौसम विज्ञान नहीं हैं इससे इंजीनियरिंग, ड्रैनेज एसेनिटेशन, कृषि सहित बहुत कुछ जुड़ा है। मानसून प्रबंधन का गहन अध्ययन हमारे समाज और स्कूलों से लेकर इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में हो वहीं जफसलों, सड़कों व शहरों में बरसाती पानी के निकासी के माकूल प्रबंधों व संरक्षण जैसे अध्याय हों। खासकर महासागर में हो रहे बदलाव के चलते अचानक चरम बरसात के कारण उपजे संकटों के प्रबंधन पर भी हमे नइ सिरे से रणनीति बनानी होगी।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# ईश्वर की प्राप्ति



संकलित
## दर्शन

जड़ जगत की रचना के लिए ईश्वर की जो शक्ति काम करती है, उसे प्रकृति कहते हैं और चैतन्य जगत की रचना करने वाली शक्ति को जीव कहते हैं। जिस प्रकार दोनों हाथ एक ही शरीर के दो भाग हैं, उसी प्रकार जीव और प्रकृति दोनों ही ईश्वरतत्व के दो अंश हैं। अध्यात्म तत्व के जिज्ञासु जिस ईश्वर की उपासना करते हैं, असल में वह अखिल आद्यशक्ति का सतोगुणी अंश है। मानवीय उन्नति तो सत्व गुणों को प्राप्त करने से ही हो सकती है। इसलिए उन उच्च गुणों की एक मानसिक प्रतिमा बनाकर उपासना करने का विधान किया गया है। ईश्वर का सत्व गुण अदृश्य रूप से हमारे निकट ही वर्तमान है। उसे अधिक मात्र में खींचकर अपने अंदर भर लेने के लिए प्रेम, श्रद्धा, विश्वास और ध्यान अभ्यास की आवश्यकता होती है। इन्हीं चारों के समन्वय को 'उपासना' कहा जाता है। उपासना जितनी ही प्रबल होगी, आकर्षण भी वैसा ही सशक्त होगा और उसी के अनुसार उपास्य देवतत्व की प्राप्ति होगी। प्रेम, दया, करुणा, सहानुभूति, उदारता, त्याग, समता और न्याय आदि सद्गुणों का निष्ठापूर्वक जितना अधिक चिंतन किया जाता है, उतनी अधिक उनकी प्राप्ति होती है। उन्नति का क्रम तम से सत की ओर चलना है। जिसने जितना ही सत्गुण अपने में धारण कर लिया, आध्यात्मिक दृष्टि से वह उतना ही उन्नतिशील कहा जाएगा। यदि एक भक्त सत्तत्व की उपासना करता है तो कोई कारण नहीं कि उसे वह प्राप्त न हो। ईश्वर की उपासना का तात्पर्य उसके दिव्य सत्तत्व की आराधना है।

# अच्छी बातें जीवन में उतारने पर लाभ मिलेगा



संकलित
## प्रेरणा

द्वापर युग में द्रोणाचार्य को भीष्म पितामह ने कौरव और पांडव राजकुमारों का गुरु बना दिया था। एक दिन द्रोणाचार्य ने सभी राजकुमारों को एक पाठ दिया और कहा कि कल इस पाठ को आत्मसात करके आना है। आत्मसात शब्द का अर्थ है जीवन में, अपने आचरण में उतारना। अगले दिन सभी राजकुमार गुरु के आश्रम में पहुंच गए। पढ़ाई शुरू हुई तो द्रोणाचार्य ने पूछा कि कौन-कौन कल का पाठ याद करके आया है? युधिष्ठिर को छोड़कर बाकी सभी राजकुमारों ने कह दिया कि हमने ये पाठ याद कर लिया है। गुरु ने युधिष्ठिर से पूछा कि तुमने पाठ याद क्यों नहीं किया है? युधिष्ठिर ने कहा कि मैंने अभी तक ये पाठ आत्मसात नहीं किया है। ये बात सुनकर द्रोणाचार्य हैरान थे। कुछ देर सोचकर गुरु ने कहा कि ठीक है कल याद करके आना। इसके बाद दस दिन बीत गए, लेकिन युधिष्ठिर को वो पाठ अब तक याद नहीं हुआ था। जबकि अन्य राजकुमार युधिष्ठिर से 10 पाठ आगे पहुंच गए थे। द्रोणाचार्य ने युधिष्ठिर से पूछा कि आखिर बात क्या है। युधिष्ठिर ने कहा कि गुरुदेव, जैसे मेरे भाइयों ने ये पाठ याद किया है, वैसे तो मुझे याद है, लेकिन आपने कहा था कि इस पाठ को आत्मसात करना है। आपने सत्य को जीवन में उतारने का पाठ दिया था और मैं सत्य को जीवन में उतार नहीं पा रहा हूं। जब तक मैं इसे आत्मसात नहीं कर लूंगा, जब तक मैं सत्य को जीवन में नहीं उतार लूंगा, तब तक मैं इससे आगे नहीं बढ़ पाऊंगा।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**कंप्यूटर शिक्षा वैकल्पिक नहीं, अनिवार्य हो**

आधुनिक युग में कंप्यूटर जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। हर काम कंप्यूटर से किया जाता है और आसान हो गया है। दूरसंचार हो या बिजनेस शिक्षा हो या खेलकूद विज्ञान, बैंकिंग हो या मनोरंजन। हर जगह कंप्यूटर का उपयोग हो रहा है। नई-नई खोजें कंप्यूटर के माध्यम से हो रही हैं। व्यापार कंप्यूटर के माध्यम से हो रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और रोबोटिक्स ने चिकित्सा के क्षेत्र में नए आयाम कायम किए हैं। आज हमारे वैज्ञानिक चांद और मंगल ग्रह पर पहुंच गए हैं। यह भी कंप्यूटर के माध्यम से संभव हो पाया है। सूचनाओं का आदान-प्रदान कंप्यूटरों के माध्यम से हो रहा है। इंटरनेट के माध्यम से हम किसी भी विषय की जानकारी ले सकते हैं। सरकारी के साथ-साथ गैर सरकारी क्षेत्रों में भी कंप्यूटर महत्वपूर्ण हो गया है। ऐसे में कंप्यूटर की शिक्षा अनिवार्य की जानी चाहिए।

*-रवि चतुर्वेदी, पलारी*

## करंट अफेयर

# परमाणु निरस्त्रीकरण की मांग छोड़े अमेरिका : किम



उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने कहा कि उनके जेहन में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से पूर्व में की गई मुलाकातों की अच्छी यादें अब भी ताजा हैं। किम ने साथ ही, लंबे समय से रुकी हुई राजनयिक स्तर की वार्ता बहाल करने के लिए पूर्व शर्त के रूप में उत्तर कोरिया से परमाणु हथियार बनाना बंद करने संबंधी मांग छोड़ने की अपील की। रविवार को उत्तर कोरिया की संसद को संबोधित करते हुए किम ने इस बात पर जोर दिया कि प्रतिद्वंद्वी देश दक्षिण कोरिया के साथ बातचीत शुरू करने का उनका कोई इरादा नहीं है। दक्षिण कोरिया अमेरिका का एक प्रमुख सहयोगी है, जिसने अमेरिकी राष्ट्रपति के पहले कार्यकाल के दौरान ट्रंप के साथ किम की शिखर बैठकों में मध्यस्थता करने में मदद की थी। किम की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्यूंग संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र में भाग लेने के लिए न्यूयॉर्क रवाना होने वाले हैं। उम्मीद है कि वह कोरियाई प्रायद्वीप में परमाणु तनाव पर और वार्ता की मेज पर उत्तर कोरिया के लौटने के संबंध में बात कर सकते हैं। ट्रंप के अगले महीने एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दक्षिण कोरिया जाने की भी उम्मीद है।

## ऑफ बीट

# रोज सनस्क्रीन लगाने से विटामिन डी की कमी



हालिया अध्ययन में दावा किया गया है कि यदि कोई व्यक्ति प्रतिदिन एसपीएफ 50+ सनस्क्रीन का उपयोग करता है, विशेष रूप से उन दिनों जब अल्ट्रावायलेट (यूवी) इंडेक्स तीन या उससे अधिक होता है, तो उसमें विटामिन डी की कमी का खतरा बढ़ सकता है। सनस्क्रीन के फ़ायदे जगज़ाहिर हैं, इसलिए हमारे निष्कर्षों का मतलब यह नहीं है कि हमें एसपीएफ 50+ का इस्तेमाल छोड़ देना चाहिए। इसका मतलब है कि जो लोग रोज़ाना एसपीएफ 50+ का इस्तेमाल करते हैं, उन्हें विटामिन डी सप्लीमेंट लेना शुरू करना पड़ सकता है। यह अध्ययन हाल ही में 'ब्रिटिश जर्नल ऑफ डर्मेटोलॉजी' में प्रकाशित हुआ है। इसमें कहा गया है कि हालांकि सनस्क्रीन के उपयोग से त्वचा कैंसर और सनस्पॉट्स जैसी समस्याओं से बचाव होता है, लेकिन नियमित उपयोग से शरीर में विटामिन डी का स्तर अपेक्षाकृत कम हो सकता है। अध्ययन में 639 वयस्कों को शामिल किया गया, जो ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी राज्यों में रहते हैं। इन्हें दो समूहों में बांटा गया। एक समूह को रोजाना एसपीएफ 50+ सनस्क्रीन लगाने को कहा गया, जबकि दूसरा समूह अपनी सामान्य दिनचर्या के अनुसार सूर्य सुरक्षा उपाय करता रहा।

## ट्रेंड

### असाधारण स्नेह



आज सुबह ईटानगर में मेरा स्वागत सचमुच यादगार रहा। वंदे मातरम के नारों और नारी शक्ति व युवा शक्ति की जीवंत उपस्थिति से माहौल उत्साहपूर्ण था। अरुणाचल प्रदेश के लोगों का उत्साह और स्नेह असाधारण था।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### बचत उत्सव



नवरात्र में जीएसटी बचत उत्सव के तहत नई दिल्ली के लक्ष्मी नगर में एक स्टेशनरी दुकानदार से बातचीत की। दुकानदार ने बताया कि कई स्टेशनरी वस्तुओं पर नेक्स्ट-जेन जीएसटी दरों में कटौती से कीमतें कम हुई हैं, जिससे छात्रों और अभिभावकों को लाभ हुआ है।

**- निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री**

### ऐसा प्रेम नहीं देखा



मैंने अपने जीवन में किसी कलाकार के लिए यह प्रेम नहीं देखा जैसा ज़ुबीन को लेकर आसाम और पूर्वोत्तर में है। दो दिन से प्रदेश ग़म में है। मुख्यमंत्री से लेकर गोद में शिशु लेकर रास्तों पर खड़ी माँएँ उसके गाने गा-गाकर रो रहीं हैं।

**-कुमार विश्वास, हिन्दी कवि**

### जीएसटी में सुधार



प्रधानमंत्री ने जीएसटी काउंसिल जो एक संवैधानिक निकाय है, द्वारा किए गए संशोधनों का श्रेय खुद को देने की कोशिश की। कांग्रेस लंबे समय से यह तर्क देती आई है कि जीएसटी में सुधार जरूरी हैं।

**- जयराम रमेश, कांग्रेस नेता**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# भारत और पाकिस्तान के मैचों को प्रतिद्वंद्विता कहना बंद करें, मुकाबला है ही नहीं : सूर्यकुमार

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबलों को जबर्दस्त प्रतिद्वंद्विता कहना बंद करने का आग्रह किया है चूंकि उनकी टीम का चिर प्रतिद्वंद्वी पर पूरी तरह से दबदबा रहा है। भारत ने एशिया कप सुपर 4 मैच में पाकिस्तान को रविवार को छह विकेट से हराया। टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में दोनों टीमों का सामना 15 बार हुआ है और भारत ने 12 बार जीत दर्ज की है। रविवार के मैच के बाद पाकिस्तान के एक सीनियर पत्रकार ने दोनों टीमों के बीच प्रदर्शन में अंतर के बारे में पूछा तो सूर्यकुमार ने मुस्कुराते हुए कहा ,' सर, मेरी गुजारिश है कि आप भारत और पाकिस्तान के मैचों को प्रतिद्वंद्विता कहना बंद कर दें।' जब पत्रकार ने कहा कि वह प्रदर्शन के स्तर की बात कर रहे हैं, प्रतिद्वंद्विता की नहीं , इस पर भारतीय कप्तान ने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा,' प्रतिद्वंद्विता और स्तर सभी बराबर है। प्रतिद्वंद्विता कहां है। अगर दो टीमें 15 मैच खेले और 8-7 का आंकड़ा हो तो प्रतिद्वंद्विता होती है। यहां तो 13-1 या ऐसा ही कुछ है। कोई मुकाबला ही नहीं है।''




■ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत - पाक का 15 बार सामना, टीम इंडिया ने 12 बार जीता मुकाबला

## आग और बर्फ की तरह हैं शुभमन और अभिषेक

सूर्यकुमार यादव का मानना है कि जिगरी दोस्त अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल के बल्लेबाजी के विपरीज अंदाज से भारतीय टी20 क्रिकेट को ' आग और बर्फ' का संयोजन मिल गया है। सूर्यकुमार ने छह विकेट से मिली जीत के बाद कहा ,' यह आग और बर्फ जैसा संयोजन है। दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। यही मैं देखना चाहता हूं। अगर एक जबर्दस्त बल्लेबाजी कर रहा है तो दूसरा सहायक की भूमिका निभाकर स्ट्राइक रोटेट कर सकता है। हमें अच्छी शुरुआत की जरुरत थी और दोनों ने वह दी।' पंजाब में अंडर 12 दिनों से साथ खेल रहे अभिषेक और गिल एक दूसरे के खेल को बखूबी जानते हैं और मौके के हिसाब से भूमिकाएं बदल लेते हैं। सूर्यकुमार का मानना है कि मैदान के बाहर की अच्छी दोस्ती मैदान पर आपसी समझ में भी परिलक्षित होती है। उन्होंने कहा,' मैदान के बाहर अच्छे दोस्त होना जरूरी है। जब आप पारी की शुरुआत कर रहे हैं तो यह समझ काफी जरुरी है। एक रन लेने के लिए एक नजर का इशारा ही काफी होता है। जब ये दोनों साथ में बल्लेबाजी करते हैं तो इनकी दोस्ती दिखती है।'

## पाकिस्तानी खिलाड़ी का बिना वजह भिड़ना पसंद नहीं: अभिषेक

जीत के लिए 172 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 39 गेंद में 74 रन बनाने वाले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने कहा कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों का बेवजह लड़ने का इरादा उन्हें पसंद नहीं आया, जिसकी वजह से बहस हुई। अभिषेक और शुभमन गिल ने पहले विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी की। अभिषेक ने मैच के बाद कहा,' जिस तरह से पाकिस्तानी खिलाड़ी बिना वजह हमसे भिड़ रहे थे, मुझे बिल्कुल पसंद नहीं आया और उनका इलाज आक्रामक बल्लेबाजी से ही करना था।' पाकिस्तानी तेज गेंदबाज हारिस रऊफ और शाहीन शाह अफरीदी से अभिषेक और गिल की बहस हुई । गिल के साथ साझेदारी के बारे में अभिषेक ने कहा,' हम स्कूली दिनों से साथ खेल रहे हैं और एक दूसरे के साथ खेलने में मजा आता है। हमें लगा कि आज बड़ी साझेदारी बनाएंगे। जिस तरह से वह खेल रहा था, मुझे बहुत मजा आ रहा था।

## बल्लेबाजी करना आसान नहीं था: सलमान

पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा ने स्वीकार किया कि उनकी टीम भारत के खिलाफ एशिया कप सुपर 4 मैच में हर



विभाग में उन्नीस साबित हुई और पहले दस ओवर के बाद बल्लेबाजी करना मुश्किल हो गया था। पहले दस ओवर में 91 रन बनाने के बाद पाकिस्तान अगले दस ओवर में 80 रन ही बना सके। आगा ने कहा,' बल्लेबाजी में हमने बेहतर प्रदर्शन किया, जो अच्छी बात है। हमने जिस तरह से शुरुआत की थी, 15 रन और बनाने चाहिए थे लेकिन पहले दस ओवर के बाद गेंद नरम हो गई और बल्लेबाजी करना आसान नहीं रहा।' उन्होंने कहा,' हमने पावरप्ले में अच्छी गेंदबाजी नहीं की और इसका खामियाजा भुगतना पड़ा।'

## एशिया कप में आज रात 8 बजे से अहम मुकाबला

# सुपर 4 की जंग: आखिरी मौका, आर-पार की लड़ाई में श्रीलंका-पाकिस्तान आमने-सामने

एजेंसी ▶▶| अबुधाबी

सुपर 4 चरण में पहले मैच में मिली हार से उबरते हुए श्रीलंका और पाकिस्तान दोनों एशिया कप के इस अहम चरण में मंगलवार को होने वाले मुकाबले में जीत की राह पर वापसी करना चाहेंगे। गत चैंपियन श्रीलंका ग्रुप चरण में अपराजेय रही लेकिन पहले सुपर 4 मैच में उसे बांग्लादेश ने चार विकेट से हराया। इससे टी20 एशिया कप में उसके 8 मैचों के विजय अभियान पर रोक लगी और उसकी लय भी टूट गई। दूसरी ओर पाकिस्तानी टीम मैदान से बाहर की गतिविधियों के कारण अधिक चर्चा में रही। चिर प्रतिद्वंद्वी भारत ने उसे रविवार को एकतरफा मुकाबले में फिर हराया, जो इस बार के एशिया कप में उसकी भारत के हाथों लगातार दूसरी हार थी।




### पाकिस्तान को हर हालत में दर्ज करनी होगी जीत

भारत और बांग्लादेश के दो अंक है और बेहतर रनरेट के आधार पर सूर्यकुमार यादव की टीम शीर्ष पर है। श्रीलंका और पाकिस्तान तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। रिकवरी के लिए अधिक समय भले ही नहीं मिला हो लेकिन सलमान आगा की कप्तानी वाली पाकिस्तानी टीम को अब हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी। पूर्व कप्तान बाबर आजम और सीनियर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान की कमी उन्हें बल्लेबाजी में बुरी तरह खली है। उसके बल्लेबाज तकनीक और तेवर के मामले में अनुभवहीन साबित हुए। भारत के खिलाफ शीर्षक्रम के बल्लेबाजों साहिबजादा फरहान, फखर जमां और सईम अयूब ने उम्मीदें जताई और अच्छी शुरुआत देते हुए एक विकेट पर 90 रन बनाए। अयूब ने लगातार तीन मैचों में शून्य पर आउट होने के बाद बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन दूसरे हाफ में पाकिस्तानी बल्लेबाज लय कायम नहीं रख सके। गेंदबाजी में भी लेग स्पिनर अबरार अहमद सिर्फ ओमान और यूएई जैसी टीमों के खिलाफ ही कामयाब रहे और भारतीय बल्लेबाजों को तनिक भी परेशान नहीं कर सके।

### श्रीलंका की चिंता का सबब कमजोर मध्यक्रम

दूसरी ओर श्रीलंका की चिंता का सबब कमजोर मध्यक्रम है । दासुन शनाका ने बांग्लादेश के खिलाफ पांचवें नंबर पर अच्छी बल्लेबाजी की। ग्रुप चरण में लगातार दो अर्धशतक जमाने वाले पाथुम निसांका अब लय दोबारा हासिल करने के लिए जूझ रहे हैं। कुसल मेंडिस और कामिल मिशारा अच्छे फॉर्म में है और स्थिरता दे सकते हैं। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज नुवान तुषारा ने प्रभावित किया है, जो टूर्नामेंट में छह विकेट ले चुके हैं। स्पिनर वानिंदु हसरंगा, दुष्मंता चामीरा , चरित असलंका और शनाका ने भी योगदान दिया है।

### संभावित टीमें

**पाकिस्तान:** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमां, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, सलमान मिर्जा, शाहीन शाह अफरीदी, सुफयान मोकिम।

**श्रीलंका :** चरित असलंका (कप्तान), पाथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, नुवानिदु फर्नांडो, कामिंडु मेंडिस, कामिल मिशारा, दासुन शनाका, जेनिथ लियानगे, चमिका करुणारत्ने, डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाना, दुष्मंथा चमीरा, बिनुरा फर्नांडो, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराना।

## 1 अक्टूबर को भारत आएंगे बोल्ट, खेलेंगे फुटबॉल मैच

मुंबई। फर्राटा धावक उसैन बोल्ट 1 अक्टूबर को एक नुमाइशी फुटबॉल मैच के लिए भारत आएगे। 8 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता महानतम खिलाड़ियों में से एक बोल्ट फुटबॉल खिलाड़ियों, बॉलीवुड हस्तियों और अन्य जाने माने लोगों के साथ फुटबॉल मैच खेलेंगे। बोल्ट बेंगलुरु एफसी और मुंबई सिटी एफसी दोनों के लिए एक-एक हाफ खेलेंगे। वह 30 सितंबर से शुरू हो रहे प्यूमा के दो दिवसीय जश्न के सिलसिले में यहां आ रहे हैं। इस मैच के लिए टिकट खरीदने होंगे।

## भारत ने सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप के मुकाबले में पाक को 3-2 से हराया

कोलंबो। भारत ने सैफ अंडर-17 फुटबॉल चैंपियनशिप के बेहद रोमांचक मैच में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को सोमवार को यहां 3-2 से शिकस्त दी। मैच के दौरान पाक के मोहम्मद अब्दुल्ला का विवादास्पद जश्न चर्चा का विषय बन गया। दोनों टीमों के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने के बाद यह मुकाबला औपचारिक हो गया था। भारत ने मैच के 31वें मिनट में डल्लालमुओन गांगटे के गोल से बढ़त बना ली। पाक ने 43वें मिनट में अब्दुल्ला द्वारा पेनल्टी को गोल में बदलकर बराबरी की। गोल करने के बाद वह अपने साथियों के साथ एक अनोखे जश्न में चाय पीने की नकल करने लगा। उसका यह जश्न हालांकि पाकिस्तान के लिए ही भारी पड़ गया क्योंकि भारत ने शानदार खेल दिखाते हुए अपनी श्रेष्ठता साबित कर दी। गुनलेइबा ने 63वें मिनट में गोल कर भारत को फिर से बढ़त दिला दी लेकिन इसके सात मिनट बाद ही हमजा यासिर ने पाक के लिए बराबरी का गोल दाग दिया। रहाम अहमद ने 73वें मिनट में गोल कर भारत को 3-2 से आगे कर दिया जो निर्णायक साबित हुआ। भारत ने इसके बाद रक्षापंक्ति को मजबूत कर पाक को बराबरी करने का मौका नहीं दिया।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा-135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई-निविदाएं आमंत्रित करता है:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | जगाधरी वर्कशॉप में अतिरिक्त संभागीय अस्पताल का उन्नयन। | | |
| निविदा प्रकार | खुला | बोली प्रणाली | एकल पैकेट प्रणाली |
| निविदा विक्रय समापन तिथि | 15.10.2025 प्रातः 11.30 बजे। | निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय | 22.09.2025 16:41 |
| पूर्व-बोली आवश्यक है | नहीं | आज तक प्री-बिड क्वेरी | ना |
| विज्ञापन मूल्य | रु. 27,81,623.54/- सभी कर जीएसटी आदि सहित। | निविदा अनुभाग | टेंडर एवं वर्क्स/ इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप। |
| अग्रिम धन | रु. 55,600/- | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा दस्तावेज लागत | Nil (अप्रैल 2022 के भाग-I खंड संख्या 3 के अनुसार) | समापन की अवधि | 90 दिन |
| बोली आरंभ तिथि | 01.10.2025 | बोली समाप्ति तिथि | 15.10.2025 प्रातः 11.30 बजे। |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है। | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in पर जाएं | | |

सं.: 56/डब्ल्यू/इलेक्ट/25-26/टी/17/रेलवे अस्पताल 2926/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## डिकॉक ने संन्यास से लिया यू-टर्न पाक के खिलाफ वनडे-टी-20 में खेलेंगे

एजेंसी ▶▶| जोहानिसबर्ग

दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर-बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने सीमित ओवरों से संन्यास लेने का अपना फैसला वापस ले लिया, जिसके बाद उन्हें पाकिस्तान दौरे के लिए इस प्रारुप की टीम में शामिल किया गया है। दक्षिण अफ्रीका को हालांकि कप्तान तेम्बा बावुमा की सेवाएं नहीं मिलेंगी, जो पिंडली में खिंचाव के कारण टेस्ट श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की गदा हासिल करने के बाद दक्षिण अफ्रीका 12 से 24 अक्टूबर तक लाहौर और रावलपिंडी में दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से इस नए सत्र का आगाज करेगा।

दक्षिण अफ्रीका की टीम खेलेंगी 12 से 24 अक्टूबर तक लाहौर और रावलपिंडी में दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला



### 2023 में वनडे क्रिकेट से ले लिया था संन्यास

डिकॉक ने सीमित ओवर प्रारुप में अपना पिछला मैच 2024 में बारबाडोस में टी20 विश्व कप में खेला था। उन्हें नामीबिया में होने वाले एकमात्र टी20 मैच के लिए भी टीम में जगह मिली है। इस बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने 2023 विश्व कप के बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इसके बाद तत्कालीन कोच रॉब वाल्टर ने उन्हें टी20 टीम में शामिल नहीं किया था क्योंकि वह उनकी लंबी अवधि की योजनाओं के बारे में निश्चित नहीं थे। दक्षिण अफ्रीका के वर्तमान मुख्य कोच शकुरी कॉनराड ने इस खिलाड़ी से चर्चा करने के बाद उन्हें सीमित ओवरों की दोनों राष्ट्रीय टीमों में शामिल किया है।

## भारत की ओर से टक्कर देंगे प्रणय-आयुष

सुवोन। इस सत्र में लय हासिल करने के लिए जूझ रहे एचएस प्रणय और उदीयमान सितारे आयुष शेट्टी मंगलवार से शुरू हो रहे कोरिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती की अगुवाई करेंगे। हांगकांग और चाइना मास्टर्स में फाइनल तक पहुंचे सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी इस टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे। विश्व चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता प्रणय इस सत्र में कई टूर्नामेंटों के शुरुआती दौर से ही बाहर हो गए थे। वह एक क्वालीफायर के खिलाफ शुरुआत करेंगे और दूसरे दौर में चीनी ताइपै के चोउ तियेन चेन से खेल सकते हैं।

■ सात्विक और चिराग नहीं खेलेंगे टूर्नामेंट





### आयुष का सामना चीनी ताइपै के यांग से

इस सत्र में बीडब्ल्यूएफ खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय यूएस ओपन विजेत 22 वर्ष के आयुष का सामना पहले दौर में चीनी ताइपै के सू लि यांग से होगा। किरण जॉर्ज को पहले दौर में सिंगापुर के लोह कीन यू के रूप में कठिन चुनौती मिली है। महिला एकल में अनुपमा उपाध्याय का सामना इंडोनेशिया की चौथी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुम वरदानी से होगा। युगल में मोहित जगलान और लक्षिता जगलान की टक्कर जापान के यूइची शिमोगामी और सयाका होबारा से होगी।

## गोवा गार्डियंस के सह मालिक बने राहुल

पणजी। भारतीय क्रिकेटर लोकेश राहुल ने प्राइम वॉलीबॉल लीग (पीवीएल) के चौथे सत्र से पहले गोवा गार्डियंस फ्रेंचाइजी के सह-मालिक बन गए हैं। यह सत्र दो से 26 अक्टूबर तक हैदराबाद में खेला जाएगा। राहुल ने कहा कि वह वॉलीबॉल को उस तरह की लोकप्रियता दिलाना चाहते हैं, जिसका वह हकदार है। उन्होंने कहा, ' पीवीएल भारत में वॉलीबॉल के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ है और इसका मुख्य उद्देश्य इस खेल को अधिक लोगों तक पहुंचाना है।'

**डिमांड नोटिस**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 (उक्त नियमों) के नियम 3 (1) के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (उक्त एक्ट) के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण की धारा 13 (2) के तहत। उक्त नियमों के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, आईआईएफएल होम फाइनेंस लि. (आईआईएफएल एचएफएल) (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि. के रूप में जानी जाती) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किये, जिनमें उनको जारी किये गये सम्बन्धित डिमांड नोटिस(ों) में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान करने के लिये कर्जदार(ों) का आह्वान किया गया। उपरोक्त के सम्बन्ध में, डिमांड नोटिस की तिथि(यों) से भुगतान की तिथि तक आगे के ब्याज सहित यहां नीचे इंगित राशियों का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिन के अंदर करने के लिये कर्जदार(ों) को एक बार फिर एतद द्वारा सूचना दी जाती है। कर्जदार(ों) का विवरण, डिमांड नोटिस की तिथि के अनुसार देय राशि और ऋण राशि के पुनर्भुगतान के तहत प्रस्तावित प्रतिभूति निम्नानुसार हैं :-

| कर्जदार(ों)/गारंटर(ों) के नाम | डिमांड नोटिस तिथि और राशि | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन |
|---|---|---|
| श्री सुदामा, श्रीमती सीमा, मिल्क डेयरी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10653158) | 14/08/2025 रु. 921584.00/- (रुपये नौ लाख इक्कीस हजार पांच सौ चौरासी केवल) | गांव सालवान, तहसील असंध, जिला करनाल, हरियाणा, भारत 132046 में स्थित किल्ला नं. 25/4(1-0) में निहित खेवट नं. 1855, खतौनी नं. 2522 में से सम्पत्ति वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 544.00, 542.00, 433.00 |
| सुश्री बसंती, श्री बसंत, श्री रामानंद, बसंती मिल्क डेयरी, रामानंद जलेबी भंडार (प्रोस्पेक्ट नं. IL10417156) | 14/08/2025, रु.1001339/- (रुपये दस लाख एक हजार तीन सौ उनतालीस केवल) | गांव भिराना कलां, तहसील व जिला भिवानी हरियाणा, भारत 127021 में स्थित खेवट नं. 195//169, खतौनी नं. 265, खसरा नं. 10//2/1 (3-2) 3/1 (4-19) में निहित सम्पत्ति वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 4860.00, 2184.00, 1747.00. |
| श्री सतीश, श्रीमती यशवंती, सतीश स्वयं ड्राईवर, यशवंती मिल्क डेयरी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10457985) | 14/08/2025, रु. 803379/- (रुपये आठ लाख तीन हजार तीन सौ उनासी केवल) | आर/ओ गांव ढांडा खेड़ी, तहसील व जिला जीन्द, हरियाणा, भारत-126102 में स्थित यूआईडी नं. 600940142 सहित प्लॉट/मकान वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1522.00, 2064.00, 1651.00. |
| श्री मुंत्याज, श्रीमती रजिया, आरिश इलैक्ट्रोनिक्स, रजिया बुटीक, (प्रोस्पेक्ट नं. IL10662873) | 14/08/2025, रु. 2030240/- (रुपये बीस लाख तीस हजार दो सौ चालीस केवल) | मौजा गढ़ी गुजरान, वर्तमान में पुराना हमीदा के रूप में जानी जाती, यमुनानगर, हरियाणा, भारत-135001 में स्थित वार्ड नं. 12/31, सम्पत्ति आईडी नं. 1K1J96A5 वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 900.00, 1068.00, 907.00. |
| श्री मोहम्मद जलाल, श्रीमती साहिस्ता प्रवीन, खान टूर एंड ट्रैवल बैग्स (प्रोस्पेक्ट नं. IL10952424) | 14/08/2025 रु. 1972146/- (रुपये उन्नीस लाख बहत्तर हजार एक सौ छियालीस केवल) | वार्ड नं. 19, आर्य नगर कॉलोनी, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर, हरियाणा, भारत-135001 में प्लॉट नं. 22 सालम और 20 का पार्ट वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1863.00, 1000.00, 850.00 |
| श्री ओम बीर श्रीमती आशा रानी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10809512) | 14/08/2025, रु. 741530/- (रुपये सात लाख इकतालीस हजार पांच सौ तीस केवल) | खेवट नं. 2 मिन खतौनी नं. 10, खसरा नं. 20//12/1 (7-3) यमुनानगर, हरियाणा-135001, भारत में निहित सम्पत्ति वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1350.00, 1215.00, 1032.00 |
| श्री दीपांशु, श्री राजबीर यादव, श्रीमती पुष्पा, पुष्पा ट्यूशन सैंटर, (प्रोस्पेक्ट नं. IL10736394) | 14/08/2025, रु. 1431938/- (रुपये चौदह लाख इकतीस हजार नौ सौ अड़तीस केवल) | महाबीर पार्क बहादुरगढ़, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा, भारत 124108 में स्थित खसरा नं. 419 (8-12) में निहित प्लॉट नं. 469, गली नं. 5, प्रोपर्टी आईडी नं. 202 वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1012.50, 911.30, 774.60 |
| श्री जय कुमार, श्री शिवा, श्रीमती रजनी, जय कुमार डायरी, रजनी बुटीक, (प्रोस्पेक्ट नं. IL10393776) | 14/08/2025 रु. 739412/- (रुपये सात लाख उनतालीस हजार चार सौ बारह केवल) | आर/ओ गांव बरौंडा, तहसील लाडवा, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा, भारत-136132 में स्थित आईडी नं. 587070S0001000RR152A सहित प्लॉट / मकान वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1306.00, 1125.00, 900.00. |

यदि उक्त कर्जदार उपरोक्त अनुसार आईआईएफएल एचएफएल को भुगतान करने में विफल रहते हैं, आईआईएफएल एचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू योग्य नियमों के तहत पूर्णतया कर्जदारों के जोखिम, लागत और परिणामों पर उपरोक्त प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के विरुद्ध कार्यवाही कर सकता है। अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : करनाल - एससीओ-408, जीएफ, मुगल कैनाल, करनाल, हरियाणा 132001, / 1176/3, प्रथम तल, नवल सिनेमा के सामने, जी.टी. रोड, पानीपत-132103 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : आईआईएफएल टावर, प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा दिनांक : 23.09.2025 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लि.

JINDAL STEEL

**जिन्दल स्टील लिमिटेड**

(पूर्व में जिन्दल स्टील एंड पावर लिमिटेड के रूप में जानी जाती)
(CIN: L27105HR1979PLC009913)
पंजी. कार्यालय : ओ.पी. जिन्दल मार्ग, हिसार-125005 (हरियाणा)
कॉर्पोरेट सचिवालय कार्यालय : जिन्दल सेंटर, टावर-ए, द्वितीय तल, प्लॉट नं. 2, सेक्टर-32, गुड़गांव-122001 (हरियाणा)
Website: www.jindalsteel.com | Email: investorcare@jindalsteel.com | Tel.: +91 124 6612000
jindalsteel_ jindal_steel jindalsteellimited jindalsteel_ jindalsteel_

**फिजिकल शेयरधारकों को सूचना**
**फिजिकल शेयरों के हस्तांतरण आग्रहों के पुनः प्रस्तुतीकरण हेतु स्पेशल विंडो**

6 अगस्त 2025 को प्रकाशित हमारे पूर्ववर्ती संचार के अनुसार, यह सेबी सरकुलर नं. SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/ 2025/97 दिनांक 02 जुलाई, 2025 के अनुसरण में एक क्रमागत स्मरणपत्र है, जिन शेयरधारकों ने 1 अप्रैल, 2019 की समय सीमा से पहले अपने फिजिकल शेयरों के ट्रांसफर डीड्स प्रस्तुत किए थे और जिन्हें दस्तावेजों/प्रक्रिया में कमी या अन्य कारणों से अस्वीकार/वापस कर दिया गया/ध्यान नहीं दिया गया और जो अपना आग्रह पुनः प्रस्तुत करने से चूक गए, उन्हें नीचे दी गई प्रक्रिया का पालन करके हस्तांतरण आग्रह पुनः प्रस्तुत करने के लिए एक और अवसर प्रदान किया गया है :

| | |
|---|---|
| हस्तांतरण आग्रहों के पुनः प्रस्तुतीकरण हेतु विंडो | 7 जुलाई, 2025 से 6 जनवरी, 2026 तक। |
| हस्तांतरण आग्रहों को कौन पुनः प्रस्तुत कर सकता है | निवेशक जिनके ट्रांसफर डीड्स अप्रैल 2019 से पहले प्रस्तुत किए गए थे और दस्तावेजों में कमी के कारण अस्वीकृत/वापस कर दिया गया था। |
| पुनः प्रस्तुतीकरण हेतु प्रक्रिया | मूल हस्तांतरण दस्तावेज, सही या छूटे हुए विवरणों के साथ, हमारे रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट ("आरटीए") को नीचे दिए गए पते पर जमा करें : अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड 4ई/2 झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055 ईमेल - ramap@alankit.com टोल फ्री नंबर - 011-42541955 |

इस अवधि के दौरान, प्रतिभूतियाँ जो हस्तांतरण के लिए पुनः प्रस्तुत की जाती है, केवल डीमैटीरियलाइज्ड रूप में जारी की जाएंगी।

कृते जिन्दल स्टील लिमिटेड
(पूर्व में जिन्दल स्टील एंड पावर लिमिटेड के रूप में जानी जाती)
हस्ता/-
दामोदर मित्तल
पूर्णकालिक निदेशक
डीआईएन : 00171650

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 22 सितम्बर, 2025

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :-

SW/JSO/1408+1410

हमकि (1) अमरजीत (2) जगजीत पुत्रान भीमसिहं पुत्र गंगादत्त व (3) सीमा विधवा कुलजीत पुत्र मीरसिहं, निवासीगण गांव याकूबपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर व (4) दर्शन पुत्री भीमसिहं पुत्र गंगादत्त हाल आबाद दर्शन पत्नी धर्मपाल, निवासी मकान न0 338, वार्ड न0 34, जनता कॉलोनी रोहतक, हरियाणा-124001 एवं उपरोक्त सभी बिस्वेदारान गांव याकूबपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2020-21 व इंतकाल न0 5742 तकसीम व फर्द बदर न0 1, के अनुसार खेवट न0 595/500, खाता न0 608, मु0 न0 26, किला न0 9/2(4-0), किता 1, तादादी रकबा 4 कनाल 0 मरला का 11/40 भाग, बकदर 1 कनाल 2 मरले (जिसमें अमरजीत - दर्शन हर दो समभाग 1/6 भाग व जगजीत 13/120 भाग) व खेवट न0 933मिन/786/2, खाता न0 952 मिन, मु0 न0 2, किला न0 11/5(0-8), 20/1/1/1(2-4), किते 2, तादादी रकबा 2 कनाल 12 मरले सालम भाग (जिसमें अमरजीत - जगजीत हर दो समभाग 51/55 भाग व सीमा 4/55 भाग) व खेवट न0 939/789, खाता न0 958, मु0 न0 2, किला न0 11/2(0-4), 20/2(0-8), किते 2, तादादी रकबा 0 कनाल 12 मरले का 9/100 भाग, बकदर 0 कनाल 1.08 मरला (जिसमें अमरजीत - जगजीत - दर्शन हर तीन समभाग 1/12 भाग व सीमा 1/150 भाग) व खेवट न0 976/819/2, खाता न0 995, मु0 न0 37, किला न0 9/1/1(3-6), किता 1, तादादी रकबा 3 कनाल 6 मरले का 4/33 भाग, बकदर 0 कनाल 8 मरले (जिसमें अमरजीत मालिक व काबिज हैं), उपरोक्त सभी खेवटों से कुल तादादी रकबा 4 कनाल 3.08 मरले (0.51925 एकड़), वाका रकबा मौजा याकूबपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 2, किला न0 11/5(0-8), 20/1/1/1(2-4), मु0 न0 26, किला न0 9/2 मिन उत्तर (1-2), मु0 न0 37, किला न0 9/1/1 मिन पश्चिम (0-8), किते 4, तादादी रकबा 4 कनाल 2 मरले व खेवट न0 939/789, खाता न0 958, किते 2, तादादी रकबा 0 कनाल 12 मरले का 9/100 भाग, बकदर 0 कनाल 1.08 मरला, कुल तादादी रकबा 4 कनाल 3.08 मरले (0.51925 एकड़), पर कब्ज दिया जा रहा है।

SW/JSO/1436

हमकि (1) रामरती विधवा व (2) राकेश (3) राजेश (4) अजीत पुत्रान अत्तर सिहं पुत्र कलीराम, निवासीगण गांव पेलपा, तहसील बादली, जिला झज्जर व (5) कमलेश पुत्री अत्तर सिहं पुत्र कलीराम हाल आबाद कमलेश पत्नी वजीर सिहं, निवासी गांव दहकोरा, जिला झज्जर एवं उपरोक्त सभी बिस्वेदारान गांव पेलपा, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2020-21, के अनुसार खेवट न0 319/150/6 मिन, खाता न0 330, मु0 न0 84, किला न0 17(7-19), 18(8-0), 22(7-11), 23/1(7-7), किते 4, तादादी रकबा 30 कनाल 17 मरले का 173/522 भाग, बकदर 10 कनाल 4.48 मरले (1.278 एकड़) (जिसमें रामरती - राकेश - राजेश - अजीत - कमलेश हर पाँच समभाग) वाका रकबा मौजा पेलपा, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 84, किला न0 17 मिन उत्तर (0-4.48), 18 मिन उत्तर पश्चिम (0-7), 22(7-11), 23/1 मिन उत्तर दक्षिग (0-2), 23/1 मिन दक्षिण पश्चिम (2-0), किते 5, तादादी रकबा 10 कनाल 4.48 मरले (1.278 एकड़), पर क़ब्जा दिया जा रहा है।

SW/BSO/723

हमकि (1) अंकित पुत्र नरेश पुत्र रामकरण, (2) मोहित पुत्र दयानन्द पुत्र रामचन्दर निवासीगण गावं बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर व (3) सरोज पत्नी राजेन्द्र सिहं पुत्र छोटेलाल, निवासी मकान न0 1282/5, रोहताश नगर पावर हाउस के पास, रोहतक, हरियाणा-124001 व (4) औमबीर पुत्र विनोद कुमार पुत्र हरिसिहं, निवासी गांव खरवास, रेवाड़ी, हरियाणा - 123302 व (5) अनिता पत्नी अमित गुलिया पुत्र भगत सिहं हाल आबाद अनिता पुत्री नरेन्द्र कुमार, निवासी मकान न0 99, गांव बापरोला, पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली-110043 एवं उपरोक्त सभी बिस्वेदारान गांव बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2023-24 व इंतकाल न0 10835 बैय, 11102 तकसीम, 11260 तबादला, के अनुसार अराजी खेवट न0 2010/1713, खाता न0 2079, मु0 न0 311, किला न0 7(8-0), 8/1/1(0-8), 14/1(7-9), 15/1(7-4), किते 4, तादादी रकबा 23 कनाल 1 मरला का 1/3 भाग, बकदर 7 कनाल 13.66 मरले (जिसमें अंकित मालिक व काबिज है), व खेवट न0 2478/2127, खाता न0 2556, मु0 न0 252, किला न0 4/2(6-16) किता 1, तादादी रकबा 6 कनाल 16 मरले सालम भाग (जिसमें सरोज 1/3 भाग व अनिता 1/3 भाग व औमबीर 1/3 भाग) व खेवट न0 2661 मिन/2267मिन, खाता न0 2745 मिन, मु0 न0 296, किला न0 25/2/2(3-8) किता 1, तादादी रकबा 3 कनाल 8 मरले का 505441/1365336 भाग, बकदर 1 कनाल 5.17 मरले (जिसमें मोहित मालिक व काबिज है) व खेवट न0 2661 मिन/2267मिन, खाता न0 2745 मिन, मु0 न0 13, किला न0 11(8-0), 12(8-0), मु0 न0 14, किला न0 14/2(4-0), 15(8-0), मु0 न0 34, किला न0 12(8-0), 13(8-0), 14(9-6), किते 7, तादादी रकबा 53 कनाल 6 मरले का 43/1066 भाग, बकदर 2 कनाल 3 मरले (जिसमें मोहित मालिक व काबिज है), उपरोक्त सभी खेवटों से कुल तादादी रकबा 17 कनाल 17.83 मरले (2.2364375 एकड़) वाका रकबा मौजा बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं, जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 252, किला न0 4/2(6-16), मु0 न0 296, किला न0 25/2/2(3-8), मु0 न0 311, किला न0 7 मिन पश्चिम (7-6.83), 8/1/1 मिन उत्तर (0-7), किते 4, तादादी रकबा 17 कनाल 17.83 मरले (2.2364375 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 22.09.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0-285, सैक्टर-14, गुरुग्राम - 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com


## खबर संक्षेप

### सट्टेबाजी ऐप : पूर्व क्रिकेटर उथप्पा से 8 घंटे पूछताछ



**नई दिल्ली।** ईडी ने ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप 'वनXबेट' से जुड़े धन शोधन मामले में सोमवार को पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा से आठ घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की और उनका बयान दर्ज किया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

### बांग्लादेश के कई हिस्सों में भूकंप



**ढाका।** बांग्लादेश के कई हिस्सों समेत राजधानी ढाका में भूकंप के झटके महसूस किए गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसका केंद्र सिलहट जिले के छातक में था। बांग्लादेश मौसम विज्ञान विभाग के हवाले से बताया कि दोपहर 12:19 बजे 4.0 तीव्रता का भूकंप आया।

### नेपाल के चार नवनियुक्त मंत्रियों ने शपथ ग्रहण की

**काठमांडू।** नेपाल के चार नवनियुक्त मंत्रियों ने सोमवार को राष्ट्रपति कार्यालय शीतल निवास में आयोजित एक समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने पूर्व न्यायाधीश अनिल कुमार सिन्हा, राष्ट्रीय आविष्कार केंद्र के संस्थापक महावीर पुन, पत्रकार जगदीश खरेल और विशेषज्ञ मदन परियार को शपथ दिलाई। अब पीएम सुशीला कार्की नीत मंत्रिपरिषद में सदस्यों की संख्या आठ हो गई है।

### डॉक्टरों को मिल सकती एच1बी वीजा फीस से छूट

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एच1बी वीजा फीस से डॉक्टरों को छूट मिल सकती है। व्हाइट हाउस ने सोमवार को इस बारे में जानकारी दी। गौरतलब है कि ट्रंप ने नए एच1बी वीजा के लिए एक लाख डॉलर की फीस ऐलान किया है। उनके इस ऐलान से दुनिया भर में हड़कंप मच गया है। खासतौर पर टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री में इसको लेकर ज्यादा हलचल है। ऐसी खबरें थीं कि सभी एच1बी वीजाधारकों को एक लाख डॉलर की फीस चुकानी होगी।

# भारत तो कई साल पहले आजाद हुआ, अब उपनिवेशवादी मानसिकता से मुक्ति अहम

**संघ के प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा**

**इस साल दशहरे पर संघ अपना शताब्दी वर्ष मनाएगा**

एजेंसी ▶▶ नागपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना के 100 साल पूरे हो रहे हैं। इस साल दशहरे पर संघ अपना शताब्दी वर्ष मनाएगा। आरएसएस प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने संघ की भावी योजनाओं और देश में जरूरी बदलावों को लेकर अहम बयान दिया।

उन्होंने कहा कि देश को अब उपनिवेशवादी मानसिकता से मुक्त होना होगा। उन्होंने कहा कि देश में हर कोई एक ऐसा भारत चाहता है जिस पर हमें गर्व हो, जहां सभी खुश हों और जो वैश्विक स्तर पर अपनी भूमिका निभाए। संघ इसे प्राप्त करने के लिए हर संभव तरीके से अपने कर्तव्यों का पालन करेगा। उन्होंने कहा कि परिवार अगली पीढ़ी की विचारधारा का मूल है... हम समाज में इस जागरूकता को आगे बढ़ाएंगे। भारत को आजादी कई साल पहले मिल गई थी, लेकिन इसे उपनिवेशवादी मानसिकता से पूरी तरह मुक्त होना होगा।



#### संघ के मंच पर दिग्गजों की मौजूदगी में मंथन हुआ था

गौर हो कि इस साल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं। संघ दशहरे से पहले भी कई अहम कार्यक्रमों का आयोजन कर चुका है। बीते अगस्त में आंबेकर ने बताया था कि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई, पूर्व राजनयिक कंवल सिब्बल समेत कई पूर्व राजदूत और पूर्व प्रशासनिक अधिकारियों को भी आमंत्रित कर देश के सामाजिक मुद्दों पर मंथन कर रहा है।

**भीषण बमबारी से मचा बवाल**

# पाक वायुसेना ने अपने ही नागरिकों पर गिराए 8 बम, 30 की मौत, कई घायल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान से एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। पाकिस्तान की वायु सेना ने अपने ही देश के नागरिकों पर बमों की बारिश की है। बताया जा रहा है कि ये कारमाना पाकिस्तानी वायुसेना ने तड़के करीब 2 बजे किया।

पाकिस्तानी वायु सेना की इस एअर स्ट्राइक में कम से कम 30 लोगों की जान गई है। मरने वाले सभी पाकिस्तानी नागरिक थे। वहीं, इस बमबारी में कई लोगों के घायल होने की खबर है।

#### रात दो बजे पाकिस्तानी वायुसेना की एयर स्ट्राइक



#### घटना सोशल मीडिया पर वायरल

इस घटना का के बाद की एक तस्वीर भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। जिसमें बच्चों समेत कई शव पड़े दिखाई दे रहे हैं। बचाव दल मलबे में दबे शवों को निकालने में लगे हुए हैं। दावा किया जा रहा कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार रविवार देर रात पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों ने तिराह घाटी स्थित मत्रे दारा गांव पर आठ एलएस-6 बम गिराए, जिससे भारी तबाही मच गई।

**घायलों को अस्पताल में कराया भर्ती**

इस बमबारी में काफी लोगों के घायल होने की भी खबर है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। वहीं, अन्य लोगों को मलबे से निकालने की कोशिश जारी है। घटना से स्पष्ट होता है कि पाकिस्तान इस समय अंदरुनी हालात और कलह से गुजर रहा है। पाकिस्तान का खैबर पख्तूनख्वा क्षेत्र पिछले काफी समय से अशांत रहा है।

## रबात में रक्षामंत्री ने भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित किया

# मोरक्को की धरती से राजनाथ ने पाक को दिया कड़ा संदेश, पीओके अपने आप भारत में आएगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ रबात/नई दिल्ली


**रक्षामंत्री मोरक्को में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स विनिर्माण इकाई का उद्घाटन करेंगे**

**भारतीय होने के नाते हमारी जिम्मेदारियां दूसरों से अलग**

भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो दिनों के लिए मोरक्को की यात्रा पर हैं। किसी भारतीय रक्षा मंत्री की ये पहली मोरक्को यात्रा है। राजनाथ सिंह मोरक्को में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स की विनिर्माण इकाई का उद्घाटन करने पहुंचे हैं।

रक्षा मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, यह इकाई अफ्रीका में पहला भारतीय रक्षा विनिर्माण संयंत्र है। वह यहां पर अपने समकक्ष अब्देलतीफ लौदियी के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। राजनाथ सिंह ने मोरक्को की राजधानी रबात में भारतीय समुदाय के लोगों को भी संबोधित किया।

#### हमें नहीं भूलना चाहिए कि हम भारतीय हैं- राजनाथ





मोरक्को में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- भारत के प्रति हमारी भक्ति, स्नेह और प्रेम स्वाभाविक है। हम दुनिया में कहीं भी हों, हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि हम भारतीय हैं। भारतीय होने के नाते, हमारी जिम्मेदारियां दूसरों से अलग हैं। अगर हम मोरक्को में आजीविका कमा रहे हैं और अपने परिवार की देखभाल कर रहे हैं, तो मोरक्को के साथ कोई विश्वासघात नहीं होना चाहिए- यह भारत का चरित्र है।

#### एक दिन पीओके खुद कहेगा मैं भारत का हूं

मोरक्को में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- पीओके अपने आप हमारा होगा। पीओके में मांगें उठने लगी हैं, आपने नारे सुने होंगे। मैं 5 साल पहले कश्मीर घाटी में एक कार्यक्रम में भारतीय सेना को संबोधित कर रहा था, तब मैंने कहा था कि हमें पीओके पर हमला करके कब्जा करने की जरूरत नहीं पड़ेगी, वह वैसे भी हमारा है; पीओके खुद कहेगा, 'मैं भी भारत हूं'। वह दिन आएगा। मोरक्को में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- 'जिन्ह मोहि मारा, तिन्ह मोहि मारे'...इस बार भी यही हुआ। हमने उन्हीं लोगों को मारा जिन्होंने हमारे लोगों को मारा। हमने किसी नागरिक या सैन्य प्रतिष्ठान पर हमला नहीं किया। केवल भारत ही ऐसा चरित्र रख सकता है। अगर हम चाहते तो किसी भी सैन्य या नागरिक प्रतिष्ठान पर हमला कर सकते थे, लेकिन हमने ऐसा नहीं किया। हमें भारत के इस चरित्र को कायम रखना चाहिए।

#### पहलगाम हमले का किया जिक्र

भारतीय समुदाय के साथ बातचीत में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- दूसरा भाग बाकी है या तीसरा, हम नहीं कह सकते। यह उनके पाकिस्तान के आचरण पर निर्भर करता है। अगर वे आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त होते हैं, तो उन्हें जवाब मिलेगा। पहलगाम में हमारे 26 लोगों को उनका धर्म पूछकर मार डाला गया। अगले दिन, 23 अप्रैल को, सीडीएस, तीनों सेना प्रमुखों और रक्षा सचिव के साथ बैठक में मैंने पहला सवाल यही पूछा कि अगर सरकार कोई ऑपरेशन करने का फैसला करती है, तो क्या वे इसके लिए तैयार हैं। आपको यह जानकर खुशी होगी कि उन्होंने बिना एक सेकंड भी देर किए जवाब दिया कि वे पूरी तरह तैयार हैं।

#### भारत-मोरक्को के बीच हुआ एमओयू



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मोरक्को के रक्षा मंत्री अब्देलतीफ लोदी के बीच सोमवार को रबात में एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें दोनों ने एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू की खास बात यह है कि ये दोनों देशों की बढ़ती साझेदारी के लिए एक मजबूत संस्थागत संरचना प्रदान करता है। साथ ही रक्षा उद्योग, संयुक्त अभ्यास, सैन्य प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण में सहयोग का मार्ग प्रशस्त करता है। रक्षा मंत्रालय ने 22 सितंबर को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। जिसमें यह भी बताया कि बैठक में दोनों नेताओं ने रक्षा उद्योग में सहयोग बढ़ाने का भी फैसला लिया गया है।

**भारत का बड़ा कदम**

# रूस में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों को किया जाएगा प्रदर्शित



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष पहली बार रूस के काल्मिकिया गणराज्य की राजधानी एलिस्ता में प्रदर्शित होने जा रहे हैं। ये अवशेष नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय संग्रहालय से विशेष धार्मिक सम्मान और परंपराओं के साथ भारतीय वायुसेना के विशेष विमान द्वारा ले जाए जाएंगे। इस आयोजन का नेतृत्व भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय, इंटरनेशनल बौद्ध कॉन्फेडरेशन आईबीसी, राष्ट्रीय संग्रहालय और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) मिलकर कर रहे हैं।

#### प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केशव मौर्य करेंगे

वहीं भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य करेंगे। आईबीसी की ओर से प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व महानिदेशक करेंगे। साथ ही, 43वें साक्या त्रिजिन रिनपोछे साक्या परंपरा के प्रमुख, 13वें कुंडलिंग तक्सक रिनपोछे, 7वें योंगजिन लिंग रिनपोछे और 17 अन्य वरिष्ठ भिक्षु भी शामिल होंगे।

## एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर क्राइम नहीं, लेकिन इसके नतीजे बेहद खतरनाक : हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को कहा कि व्यभिचार यानी एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर अपने-आप में कोई अपराध नहीं है, बल्कि यह एक वैवाहिक वजह है जिसे तलाक या वैवाहिक विवाद के मामलों में आधार बनाया जा सकता है। जस्टिस पुरुषेन्द्र कौरव ने कहा कि कोई भी पति या पत्नी अपने साथी के प्रेमी पर मुकदमा कर सकता है और अपनी शादी तोड़ने, आपसी प्रेम को नुकसान पहुंचाने के लिए आर्थिक मुआवजे की मांग भी कर सकता है। यह इसलिए कि इसके नतीजे खतरनाक हो सकते हैं। याचिका में पत्नी ने पति की प्रेमिका से भावनात्मक नुकसान और साथी की हानि के लिए मुआवजा मांगा है। हालांकि पति और उसकी प्रेमिका को नोटिस जारी किया गया है, ताकि इस बात पर फैसला हो सके कि शादी टूटने की वजह महिला है या नहीं।

**यूएनजीए की बैठक में भाग लेने के लिए अमेरिका की यात्रा पर हैं भारत के विदेश मंत्री**

# टैरिफ संकट के बीच अमेरिका के विदेश मंत्री से होगी जयशंकर की मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रूस से तेल खरीद को लेकर अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ से संबंधों में उपजे तनाव, द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर जारी खींचतान के बीच सोमवार देर रात भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें दोनों के बीच भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए तमाम जरूरी पहलुओं (टैरिफ, व्यापार समझौते सहित) के अलावा क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किए जाने की संभावना है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, जयशंकर, रुबियो की यह मुलाकात संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की एक अहम बैठक से इतर होगी।

#### टैरिफ के बाद पहली द्विपक्षीय बैठक होगी



भारत पर लगाए अमेरिकी टैरिफ के बाद दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच यह पहली द्विपक्षीय बैठक होगी। पूर्व में महासभा के इस आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शिरकत करने को लेकर कयास लगाए जा रहे थे। लेकिन उसके बाद विदेश मंत्री जयशंकर की इसमें भागीदारी की जानकारी सामने आयी।

#### ट्रंप-मोदी की मुलाकात पर टिकी निगाहें

*यहां बता दें कि अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता के सिलसिले को आगे बढ़ाने के लिए विदेश मंत्री डॉ.जयशंकर के अलावा केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भी अमेरिका में हैं। बीते समय में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के प्रति अपने रुख में नरमी के संकेत देते हुए नई दिल्ली और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना एक अच्छा दोस्त, करीबी बताते हुए भारत-अमेरिका व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर बल दिया था। साथ ही उन्होंने आगामी हफ्तों में पीएम मोदी से प्रत्यक्ष मुलाकात की इच्छा भी जताई है। जिसे भारतीय प्रधानमंत्री ने स्वीकार किया है।*

**एच1बी वीजा पर मची अफरा-तफरी**

# सैन फ्रांसिस्को में फ्लाइट से नीचे उतारे गए भारतीय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहले 50 फीसदी टैरिफ, फिर चाबहार बंदरगाह के विकास को लेकर लगाए गए प्रतिबंध और अब बड़ी तादाद में एच1बी वीजा के तहत अमेरिका जाने की इच्छा रखने वाले भारतीयों से 1 लाख डॉलर (88 लाख रुपये) का भारी-भरकम शुल्क वसूलने के डोनाल्ड ट्रंप के ऐलान से देश के भीतर और बाहर अमेरिका में इस वीजा श्रेणी के तहत रह रहे भारतीयों में अनावश्यक तनाव, चिंता और डर की स्थिति बनी हुई है।

घरेलू स्तर पर नए वीजा आवेदकों के माथे पर 1 लाख डॉलर के भुगतान को लेकर पसीना छूट रहा है। तो वहीं, सोशल मीडिया पर अमेरिका से आए ताजा वीडियो वायरल हैं। जिसमें सैन फ्रांसिस्को अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से उड़ान भरने वाली एमिरेट्स की एक फ्लाइट से कुछ भारतीय यात्रियों को उतारने का मामला सामने आया है।

#### उड़ान में 3 घंटे की देरी

सैन फ्रांसिस्को में एमिरेट्स की फ्लाइट से कुछ भारतीयों को उस वक्त अचानक उतारा गया। एक यात्री ने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया है। जिससे ये पता चला कि विमान के उड़ान भरने से ठीक पहले ही कुछ यात्रियों को अचानक उतार दिया गया। जिससे विमान के उड़ान भरने में कुल करीब तीन घंटे की देरी हुई।




**रियल लाइफ मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे**

# जन्म देने के एक घंटे में छीनी बच्ची; कहा- तुम मां बनने के काबिल नहीं

**नई दिल्ली/कोपेनहेगन(एजेंसी)।** साल 2023 में एक बॉलीवुड फिल्म रिलीज हुई थी। फिल्म का नाम था- मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे। फिल्म में एक भारतीय महिला देबिका चटर्जी रानी मुखर्जी अपने परिवार के साथ नॉर्वे में रहती हैं, जहां उन पर बच्चों का ठीक से पालन-पोषण न करने का आरोप लगाकर नॉर्वे की चाइल्ड केयर संस्था देबिका के बेटा और बेटी को छीन लेती है। फिल्मी किरदार देबिका चटर्जी चैसी ही वास्तविक घटना ग्रीनलैंड मूल की निवासी 18 साल की इवाना निकोलिन ब्रॉन्लुन्ड के साथ डेनमार्क में हुई है। इवाना निकोलिन ब्रॉन्लुन्ड ने डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन के एक अस्पताल में बेटी को जन्म दिया। बेटी का नाम अवियाजा-लूना रखा। मां इवाना ने सिर्फ एक घंटे ही बेटी को गोद में उठाया, उसके बाद न बेटी की शक्ल देखने को मिली, न प्यार जताने और दुलारने को वक्त मिला। क्योंकि घंटे भर बाद ही डेनमार्क की नगरपालिका ने इवाना की बेटी को फोस्टर केयर भेज दिया। इसके पीछे रीजन बताया कि इवाना में मां बनने की काबिलियत नहीं है।

#### डेनमार्क सरकार ने इवाना से छीनी उसकी बेटी?



डेनमार्क सरकार ने इवाना निकोलिन ब्रॉन्लुन्ड से उनकी बेटी छीनने का फैसला एक मनोवैज्ञानिक जांच पेरेंटिंग कॉम्पिटेंसी टेस्ट (एफकेयू) के आधार पर लिया था। इस टेस्ट में माता-पिता मानसिक स्थिरता, बौद्धिक क्षमता और सामाजिक कौशल का मूल्यांकन किया जाता है। इस टेस्ट की आलोचना इसलिए हो रही है, क्योंकि इसमें सांस्कृतिक और भाषाई विविधता को नजरअंदाज किया जाता है। डेनमार्क में ग्रीनलैंड के परिवार इस तरह के परीक्षण का लंबे समय से विरोध करते रहे हैं। सांस्कृतिक असंवेदनशीलता और भेदभाव के आरोपों के बाद जब विवाद बढ़ा तो डेनमार्क सरकार ने जनवरी, 2025 में एलान किया कि पेरेंटिंग कॉम्पिटेंसी टेस्ट ग्रीनलैंडिक पृष्ठभूमि वाले लोगों पर लागू नहीं होंगे। नया कानून मई 2025 से लागू भी हो गया।

**मामला हाइलाइट हुआ तो नपा ने दिया तर्क :** विशेष सलाहकार इकाई (वीआईसो) को ऐसे मामलों की समीक्षा की जिम्मेदारी दी गई, लेकिन इवाना का केस कानून बदलने और लागू होने के बीच की अवधि में फंसा रह गया। इवाना का टेस्ट अप्रैल से जून 2025 के बीच हुआ। यानी कि आंशिक रूप से पुराने नियम के तहत और आंशिक रूप से नए कानून के बाद। जब यह मामला हाइलाइट हुआ तो नगरपालिका ने तर्क दिया है कि इवाना पर नया कानून लागू ही नहीं होता है, क्योंकि वह पर्याप्त ग्रीनलैंडिक नहीं है। जबकि सच्चाई यह है कि इवाना के माता-पिता ग्रीनलैंड के ही हैं और इवाना खुद भी ग्रीनलैंड में ही जन्मी हैं। नगरपालिका के इस तर्क पर विवाद खड़ा हो गया। आखिर किसी की सांस्कृतिक पहचान और मातृत्व क्षमता को किस आधार पर मापा जाए? ऐसे में नगरपालिका ने इवाना के अतीत का हवाला दिया। कहा कि उनके बचपन में पिता द्वारा यौन शोषण और माता-पिता के आपराधिक रिकॉर्ड भी बताए गए।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25